54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.4°c अधिकतम 31.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:52, सूर्यास्त - 6:50 | वर्ष : 54/ अंक : 233 | सोमवार, 24 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

॥ अमृतवाणी ॥

जीवन में कठिनाइयाँ वहीं आती हैं, जहाँ कुछ बड़ा हासिल करना होता है !!

सपा सरकारों में सिर्फ गुंडों, बदमाशों, माफियाओं और अराजक तत्वों का भला हुआ : मायावती

ऐ राजनीति क्या तेरी ऐसी ही शक्ल है?....

जा रहा गिड़गिड़ाने वाले नेताओं का जमाना, दुष्कर्म पीड़िता बेटी के लिए संजीव बालियान ने उठाई दमदारी से आवाज तो हाथोंहाथ गिरी अल्फा क्लीनिक पर गाज

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर से कमजोर और गिड़गिड़ाने वाले नेताओं का जमाना जाने की ओर है। अब जनता को न्याय दिलाने वाले दमदार नेताओं की आवश्यकता है, न कि गिड़गिड़ाकर प्रशासनिक अधिकारियों से बात करने वाले नेताओं की। बेशक संजीव बालियान पूर्व केन्द्रीय मंत्री रहे हों मगर फिर एक बार उन्होंने साबित किया कि उनका जलवा अभी भी बरकरार है और वे दमदारी से बात करने में सक्षम हैं। रविवार की सुबह ही पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के परिवार के बीच पहुंचे और हाथों-हाथ माइक हाथ में लेकर ऊपर से लेकर नीचे तक के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को हड़काया और अपनी पूरी हनक दिखाते हुए कहा कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी उक्त मामले को भी हलके में ले रहे हैं। जिस परिवार की बच्ची के साथ ऐसी घटना हुई है, ऐसे मामलों में तुरन्त न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने पूरी पंचायत के सामने खाकी से बात करते हुए और जिला चिकित्सालय के अधिकारियों को तुरन्त निर्देश दिये कि ऐसे सम्राट इण्टर कॉलेज और दुराचार करने वाले अल्फा क्लीनिक हाथोंहाथ बंद होने चाहिएं। उन्होंने कहा कि जनता को यदि न्याय नहीं मिलता तो अपनी ही सरकार में हम सबकी साख पर बट्टा लगता है। यदि हाथोंहाथ यह काम न हुआ तो मैं खुद दमदारी से ऐसे कॉलेज और ऐसे क्लीनिकों को सील कराने के लिए आगे आऊंगा। संजीव बालियान अपनी पूरी बात करने के बाद वहां से चले गए। ठीक एक घंटे के बाद प्रशासन द्वारा अल्फा क्लीनिक पर सील लगा दी गयी साथ ही साथ क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन निरस्त करते हुए डॉ. मौहम्मद आदिल का पंजीकरण प्रमाण पत्र भी निरस्त कर दिया गया। जैसे ही यह बात सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़ित परिवार के बीच पहुंची तो एक बार फिर पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान की जय-जयकार पूरे रामलीला टिल्ले पर होती दिखी और पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली। पंचायत में वक्ताओं ने डॉ. मौहम्मद आदिल व डॉ. अबरार अली और नाजिम की मिलीभगत से हिन्दू समाज की नाबालिग किशोरी के साथ गैंगरेप की घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। पंचायत में वक्ताओं ने यह भी कहा कि पुलिस ने अभी सिर्फ दो ही आरोपियों को पकड़ा है, बाकी सभी आरोपी अभी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। पूर्व मंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही उक्त सभी आरोपी भी पुलिस गिरफ्त में होंगे और निष्पक्ष जांच के बाद कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी यशवीर महाराज ने की मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को जल्द से जल्द कठोर सजा दिलाने की मांग

मुजफ्फरनगर। स्वामी यशवीर महाराज ने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को जल्द से जल्द कठोर सजा दिलाने की मांग की। स्वामी यशवीर महाराज का कहना है कि देखिए एक हमारे हिंदू खटीक समाज की बेटी जो उसको एक डॉक्टर ने इंजेक्शन लगा करके नशीली दवाईयां देकर के दुष्कर्म किया। उसकी गंदी वीडियो बनाई और फिर उस वीडियो के माध्यम से तीन-चार महीने से ब्लैकमेल होता रहा और जब ब्लैकमेल होता रहा, उसके परिवार को मारने की धमकी दी जाती रही। वह बेचारी डर में कुछ कह नहीं पाती थी। तो अब उसको गायब कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। पंचायत के दौरान स्वामी यशवीर द्वारा सम्राट इंटर कॉलेज और अल्फा नर्सिंग होम के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यहां पर किशोरी को बंधक बनाकर रखा गया और गैर सम्प्रदाय के कई युवकों ने उसके साथ रेप किया। उन्होंने संबंधित संस्थानों को सील करने तथा मान्यता समाप्त करने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। साथ ही आरोपियों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग भी उठाई गई। स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि यदि सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए और मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज की ओर से आगे भी पंचायतें आयोजित की जाएंगी। स्वामी यशवीर महाराज ने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को जल्द से जल्द कठोर सजा दिलाने की मांग की।

एसएसपी ने कहा: बख्शे नहीं जाएंगे आरोपी

- आरोपियों के खिलाफ कई गंभीर धाराएं बढ़ीं, बचे साथियों की तलाश
- डॉ.आदिल के बाद नाजिम को भी मुठभेड़ में घायल होने के बाद दबोचा

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। नाबालिग दलित युवती को बंधक बनाकर उसके साथ कई दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी नाजिम को मुठभेड़ के दौरान घायल होने के बाद गिरफ्तार किया गया है। उसके साथी डॉक्टर मौ. आदिल की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने मुकदमे में कठोर धाराओं की बढ़ोतरी की है। मामले में कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस के अनुसार आगे जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ पॉक्सो समेत संबंधित धाराओं में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर कोतवाली इलाके के मामले में पुलिस को 18 अगस्त को एक शिकायत मिली थी कि पीड़ित नाबालिग दलित युवती को एक मुस्लिम युवक नाजिम जबरन अपने साथ भगा ले गया है। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए 600 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद जहां 21 अगस्त की शाम युवती को सकुशल बरामद कर लिया था। इस मामले में आरोपी नाजिम को भी पुलिस ने 21 अगस्त की रात ही मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया। नाजिम का मददगार साथी डॉक्टर मोहम्मद आदिल भी गिरफ्तार कर पहले ही सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था। पुलिस के अनुसार मामले में अभी कई अभियुक्त फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इस मामले में गैंगस्टर की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही साथ इसमें जो भी अभियुक्त प्रकाश में आएंगे लड़की का बयान मेडिकल की कार्रवाई प्रचलित है और लड़की का बयान कोर्ट में हो गया है और जो भी इसमें कठोरतम करवाई है वह पुलिस द्वारा की जाएगी और निश्चित तौर पर इसमें सुनिश्चित किया जाएगा की इसमें जल्दी से जल्दी फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से इसमें सजा भी सुनिश्चित की जाए।

27 की सुबह 6 बजे से 29 मध्यरात्रि तक निःशुल्क यात्राएं कर सकेंगी महिलाएं

लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं, बेटियों और बहनों को दिए गए निःशुल्क बस यात्रा के समय में वृद्धि की है।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अब यह निःशुल्क यात्रा 27 अगस्त की सुबह 6 बजे 29 अगस्त की मध्यरात्रि तक की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिला यात्री एक सहयोगी के साथ फ्री यात्रा कर सकेंगी। रक्षाबंधन पर बहनें सुरक्षित और आसानी से अपने घर पहुंच सकें, इसके लिए परिवहन, पुलिस, प्रशासन व संबंधित विभाग मिलकर सारी व्यवस्था सुनिश्चित करें। त्योहारों के मद्देनजर शहरों, एक्सप्रेसवे, हाईवे व प्रमुख मार्गों पर पेट्रोलिंग तेज की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रक्षाबंधन के मद्देनजर रविवार को परिवहन निगम/विभाग, नगर विकास, पुलिस, यातायात आदि विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि रक्षाबंधन पर प्रदेश में सुगम, सुरक्षित, व्यवस्थित परिवहन एवं यातायात व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। रक्षाबंधन के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग की 900 से अधिक बसों में भी यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी बसों, ऑटो और टैक्सी चालकों के भी सत्यापन सुनिश्चित करते हुए महिला यात्रियों की सुरक्षा के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जनपदों में 25 अगस्त तक बस, टैक्सी और ऑटो-टेम्पो यूनियनों के साथ समन्वय बैठक की जाए। निर्धारित किराया ही लिया जाए, ओवरलोडिंग न हो, यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार किया जाए और यात्री सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

फुलत में दारुल उलूम रहीमिया मदरसे पर बुलडोजर चला

- अवैध रूप से ग्राम समाज की जमीन पर किया निर्माण गिराया

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा ग्राम सभा की भूमि पर बने अवैध मदरसे दारूल उलूम रहीमिया के अवैध हिस्से को बुलडोजर चलाकर को ध्वस्त कर दिया गया। करीब बारह सौ वर्ग मीटर भूमि पर यह अभियान कल भी जारी रहेगा।

मदरसा दारुल उलूम रहीमिया को कमेटी के लोगों ने खुद ढहाना शुरू कर दिया है। रविवार को बुलडोजर मंगवाया गया। 1200 वर्गमीटर में बने अवैध निर्माण को एक-एक करके गिराया जा रहा है। अब तक 300 वर्गमीटर में बने 2 हॉल को ढहाया जा चुका है। 900 वर्गमीटर में बने 8 कमरे बाकी हैं। कमेटी का दावा है कि ये मदरसा करीब 50 साल पुराना है। वहीं, प्रशासन के अफसरों ने बताया, कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध निर्माण किया गया है। 18 अगस्त को तहसीलदार (न्यायिक) अरविंद कुमार कुठार ने मदरसा संचालक हिफजुर्रहमान अंसारी को नोटिस जारी कर कहा था कि यदि अवैध कब्जा खुद नहीं हटाया तो प्रशासन गिरा देगा। हजार्ना भी वसूला जाएगा। रविवार को थाना प्रभारी रतनपुरी राकेश कुमार की मौजूदगी ग्राम सभा भूमि पर बने अवैध मदरसे के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की के चलते आज हड़कंप मचा रहा। थाना रतनपुरी पर दी तहरीर में बताया गया कि ग्राम फुलत में ग्राम सभा की जमीन पर अवैध रूप से दारूल उलूम रहीमिया मदरसा का निर्माण कर मौलाना हिफजुर्रहमान उर्फ हफीजुर्रहमान अंसारी पुत्र अब्दुल रज्जाक अंसारी व उसके पुत्रों जुबेर अंसारी एवं जुनैद अंसारी द्वारा मदरसे का संचालन कर धर्मान्तरण किया जा रहा था। इसे लेकर थाना रतनपुरी पर मामला दर्ज किया गया था। मामले के आरोपी जुनैद अंसारी पुत्र हिफजुर्रहमान उर्फ हफीजुर्रहमान अंसारी को गिरफ्तार किया गया जो जेल में है। अवैध रूप से मदरसे के निर्माण के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) के कार्यालय में वाद विचाराधीन था जिसको 17 अगस्त को खारिज कर दिया गया एवं तहसीलदार न्यायिक खतौली के आदेश को जारी रखते हुए धारा-67(5) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के तहत उक्त मदरसे की भूमि को सार्वजनिक भूमि घोषित किया गया। आदेश के अनुपालन में मदरसा दारूल उलूम रहीमिया ग्राम फुलत में अवैध कब्जे के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पुलिस की मौजूदगी में की गई।

2027 में मंत्री अनिल फिर खेलेंगे धुरंधर पारी, शक्ति प्रदर्शन में दिखी दमदार तैयारी

- संजीव बालियान बोले- जनता और संगठन के बीच की मुख्य कड़ी हैं कार्यकर्ता
- पचेंडा रोड स्थित एक रिसोर्ट में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन
- 2027 की तैयारियों को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। नेताओं की अपनी जमीन मजबूत हो तो तैयारी करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती, क्योंकि जनता के कार्यों के लिए 24 घंटे तत्पर नेताओं के साथ भीड़ अपने आप धरातल पर उतर आती है।

ऐसा ही कुछ कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार द्वारा बुलाए गए कार्यकर्ता सम्मेलन में साफतौर पर दिखाई दिया। आज उन्होंने 2027 की तैयारी पूरी दमदारी के साथ दिखा दी और विपक्ष को बिना कुछ कहे जवाब दे दिया कि वे फिर एक

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें....

पेपर मिल में रोल बण्डल की चपेट में आने से गार्ड की मौत

सिखेड़ा, 23 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव निराना के सामने स्थित सिद्धेश्वरी पेपर मिल में रविवार की रात को पेपर रोल की चपेट में आने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। स्वजन व ग्रामीणों ने मजदूर की मौत को लेकर पेपर मिल में हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद मेरठ के थाना हस्तिनापुर के गांव तालामनगर नित्यापुरी का रहने वाला 35 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र श्यामलाल एएलपी सिक्योरिटी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। लगभग एक माह पहले कम्पनी ने गांव निराना के सामने स्थित सिद्धेश्वरी पेपर मिल में धर्मेंद्र को सिक्योरिटी गार्ड के रूप में नियुक्त किया। धर्मेंद्र शनिवार की शाम ड्यूटी करने के लिए पेपर मिल में गया था। रात लगभग दो बजे पेपर मिल में गश्त करते समय पेपर रोल की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पेपर मिल स्टाफ की ओर से मृतक के स्वजन को फोन से खबर दी गई। रविवार को सिक्योरिटी गार्ड की मौत की खबर सुनकर स्वजन व ग्रामीण पेपर मिल में पहुंचे और हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्वजन और ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर शांत किया। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंच कर सिक्योरिटी गार्ड के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड की मौत पर स्वजन और पेपर मिल मालिक के बीच समझौते की बात चल रही है। घटना की कोई भी तहरीर नहीं आई है।

यकीन तो नहीं आयेगा, गांधी कॉलोनी से सटे शिवपुरी के एक घर की सबसे ऊंची छत पर दिखा तेंदुआ जितना ऊंचा बिज्जू की शक्ल वाला जानवर

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। कुछ बातें देखकर और सुनकर यकीन नहीं आता की शहरी क्षेत्र में इतनी ऊंचाई पर कैसे तेंदुए जितना लम्बा और चौड़ा जानवर किसी की सबसे ऊंची छत पर दिखाई दे सकता है, मगर है ये सच ही। रविवार को ऐसा ही एक जानवर गांधी कॉलोनी से सटे और जेल के पीछे के मौहल्ले शिवपुरी से ऐसा ही एक वीडियो सामने आया। शुरू में तो वन विभाग को भी इसका यकीन नहीं आया। मगर सोमवार सुबह इस बात का यकीन खुद आ जायेगा, क्योंकि वन विभाग आज सोमवार को शिवपुरी क्षेत्र में रेस्क्यू करने जा रहा है, जिसमें वन विभाग की टीम ने अमन गौसेवक से रेस्क्यू में मदद मांगी है। आज अमन गौसेवक रेसक्यू के दौरान वन विभाग की टीम के साथ मौजूद रहेगा। अब देखना यह होगा कि पूरा मामला क्या सामने खुलकर आता है, कोई इसे बिज्जू तो कोई इसे कब्र बिज्जू बता रहा है, मगर बड़ी बात यह है कि इसका आकार देखा जाये तो भालू की तरह का आकार व ऊंचाई उक्त जानवर की दिखाई पड़ रही है।

भाजपा के कई सत्ताधारियों के कार्यक्रम में न होने से चर्चाओं का बाजार गर्म

मुजफ्फरनगर। भाजपा के कई सत्ताधारी कार्यक्रम में मौजूद न होने से चर्चाओं का बाजार फिर एक बार गर्म हो गया और मीडियाकर्मी सवाल करने से रुक नहीं पाए। और उन्होंने मंत्री अनिल से एक दो नेताओं के नाम लेकर सवाल किया कि पुरकाजी के ही पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल का फोटो आपके बैनर में नहीं है, इस पर अनिल विधायक ने जवाब दिया कि उन्हें हमने फोन कर दिया था वह शायद व्यस्त थे, इस वजह से कार्यक्रम में नहीं आ पाए। पूर्व विधायकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के बड़े-बड़े मंत्रियों का भी सवाल उठाने की कोशिश मीडिया ने की मगर मंत्री अनिल बड़े आराम से इन सवालों को गोल-मोल कर गए। ऐसे ही अन्य कई नेताओं के नाम भी सूची में शामिल हैं, जो मंच पर मौजूद नहीं थे।

संजीव बालियान ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार की मंच से की जमकर तारीफ

मुजफ्फरनगर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान को एक ओर जहां कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने भरपूर सम्मान दिया वहीं मंच पर अपना उद्बबोधन शुरू करते ही सबसे पहले संजीव बालियान ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार की मेहनत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इतनी भीड़ तो मैंने बहुत दिनों बाद देखी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि इस बार भी हमारे विधायक और कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार को ही शानदार जीत दिलानी है। उन्होंने 2012 की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय भी हम बेशक अलग-अलग पार्टियों में थे मगर राजनीति में हमने एक ही बात सीखी है कि लड़ाई उतनी करो कि कल को गले मिलने का वक्त आए तो आपस में ऐसे मतभेद न हों कि एक दूसरे से गले मिलते हुए जोर पड़े। आज उसी फॉर्मूले की देन है कि हम लोग एक ही मंच पर एक ही सत्ता के साथ बैठे हैं।

ब्राजील भरेगा चीनी की कड़ुवाहट में मिठास

- जल्द मिलेगी और सस्ती चीनी: सरकार की सख्ती से पांच रुपये घटे दाम!

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसी)। देश में चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच ब्राजील से आयात की जाने वाली कच्ची चीनी की कुछ खेप 15 अक्तूबर से पहले भारत पहुंच सकती है। हालांकि, तब तक कितनी चीनी देश में पहुंचेगी, इसका सटीक अनुमान लगाना अभी मुश्किल है। सहकारी चीनी मिलों के राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष प्रकाश नाईकनावारे ने रविवार को कहा कि फिलहाल भारत के लिए चीनी आयात का सबसे व्यावहारिक विकल्प ब्राजील ही है। थाईलैंड भी पहले भारत को चीनी की आपूर्ति करने वाला प्रमुख देश रहा है, लेकिन वहां फिलहाल खुद चीनी की कमी है। इस बीच, चीनी की जमाखोरी और कीमतों में तेजी को लेकर सरकार की सख्ती का असर भी दिखने लगा है। शनिवार को खुली निविदाओं में मिलों से निकलने वाली चीनी का भाव करीब पांच रुपये प्रति किलो घट गया। ब्राजील से भारतीय बंदरगाहों तक चीनी पहुंचने में जहाज को करीब 40 से 45 दिन लगते हैं। इसके बाद कच्ची चीनी को बंदरगाहों से मिलों तक पहुंचाया जाता है और आगे उसकी प्रक्रिया होती है। नाईकनावारे ने कहा कि इसी वजह से 15 अक्तूबर तक भारत पहुंचने वाली चीनी की कुल मात्रा का अभी अनुमान लगाना संभव नहीं है। हालांकि, कुछ खेप के इस तारीख से पहले पहुंचने की संभावना अच्छी है। चीनी आयात की प्रक्रिया भी लंबी है। सबसे पहले विदेश व्यापार महानिदेशालय से मंजूरी और आयात का आवंटन होता है। इसके बाद भुगतान के लिए साख पत्र जारी किया जाता है। फिर चीनी की खेप और जहाज की व्यवस्था की जाती है। ब्राजील के बंदरगाहों पर भीड़ भी इस प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में खेप कब रवाना होगी और भारत कब पहुंचेगी, यह कई बातों पर निर्भर करेगा। नाईकनावारे ने यह भी कहा कि सरकार 31 अक्तूबर तक खेप पहुंचने की समयसीमा को बहुत सख्ती से लागू नहीं करेगी। अगर कोई खेप इस अवधि में रवाना हो चुकी है और रास्ते में है, लेकिन कुछ देर से पहुंचती है, तो उस पर भी विचार किया जा सकता है। सरकार ने 20 अगस्त को 10 लाख टन तक कच्ची चीनी के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी। आयातित कच्ची चीनी सबसे पहले उन राज्यों तक पहुंच सकती है, जहां बड़े बंदरगाह हैं। इनमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। इन बंदरगाहों से चीनी को आगे सड़क और रेल मार्ग के जरिए दूसरे राज्यों तक भेजा जाएगा। उत्तर भारत के राज्यों को भी आयातित चीनी इन्हीं बंदरगाहों के रास्ते मिल सकती है।

चीनी की कमी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं: महासंघ

राष्ट्रीय सहकारी चीनी मिल महासंघ ने 2025-26 के चीनी सत्र के लिए देश में शुद्ध उत्पादन का अनुमान 279 लाख टन पर बरकरार रखा है। चीनी सत्र अक्तूबर से सितंबर तक चलता है। महासंघ के मुताबिक, एक अक्तूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र की शुरूआत में करीब 35 लाख टन चीनी का भंडार उपलब्ध रह सकता है। इस अनुमान में इथेनॉल उत्पादन के लिए भेजी गई करीब 24 लाख टन चीनी शामिल नहीं है।

देश में हर महीने करीब 22 लाख टन चीनी की खपत

देश में हर महीने करीब 22 लाख टन चीनी की खपत होती है। महासंघ का अनुमान है कि नवंबर तक भी 15 से 20 लाख टन चीनी उपलब्ध रह सकती है। इसी दौरान शुरूआती पेराई से नई चीनी भी बाजार में आने लगेगी। नाईकनावारे ने कहा कि उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए चीनी की कमी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। भारत में आयातित चीनी की अंतिम कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार के भाव, जहाज के किराये, बंदरगाह पर होने वाले खर्च और देश के भीतर ढुलाई की लागत पर निर्भर करेगी। हालांकि, सरकार ने इस आयात पर सीमा शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है।

जिले में गन्ने की फसल से मुंह मोड़ रहे किसान, चीनी और गुड़ जा रहे आसमान पर, गन्ने का रकबा घटकर 1.75 लाख हेक्टेयर हुआ

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। एक ओर जहां चीनी और गुड़ के दाम आसमान छू रहे हैं, वहीं किसानों की नकदी फसल माने जाने वाले गन्ने से किसान मुंह मोड़ रहा है। जिस गन्ने पर किसान से लेकर जिले के तमाम वर्गों की अर्थ व्यवस्था चलती है, उससे किसान की बेरुखी समा से बाहर है। जिले में इस साल जिले में गन्ने का रकबा 1.76 लाख हेक्टेयर से घटकर 1.75 लाख हेक्टेयर रह गया है। शामली में इस बार 79,058 हेक्टेयर के मुकाबले इस साल 79,462 हेक्टेयर रकबे में गन्ने की फसल लगाई गई। हालांकि पूरे सहारनपुर मंडल की बात करें तो गन्ने का 462 हेक्टेयर रकबा बढ़ा है। सहारनपुर मंडल में गन्ना सर्वे तकरीबन पूरा हो गया है। इस बार सर्वे में शामली जिले ने अच्छी प्रगति दिखाई है। शामली जिले के गन्ना रकबे में वृद्धि हुई है। हालांकि सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में रकबे में कुछ कमी आई है। मंडल में इस बार 3,69,305 हेक्टेयर में गन्ना फसल लगाई गई है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली जिले में गन्ना को प्रमुख और नकदी फसल माना जाता है। गन्ने पर किसान के साथ तमाम व्यापार की अर्थव्यवस्था चलती है। किसान अपने खेतों में प्रमुख फसल के रूप में गन्ने को ही लगाते हैं। पिछले वर्ष गन्ने के रकबे की बात करें तो मंडल में गन्ने का रकबा 3.75 लाख हेक्टेयर था। इस बार इसमें करीब चार हजार हेक्टेयर की कमी आई है। विभाग को विश्वास है कि गन्ने की फसल इस बार अच्छी है। ऐसे में पैदावार और चीनी रिकवरी अच्छी होने की उम्मीद है। गन्ना सर्वे में सहारनपुर में जिले में इस बार 1.16 लाख हेक्टेयर, मुजफ्फरनगर में 1.75 लाख हेक्टेयर और शामली में 79,462 हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की फसल लगाई गई है। पिछले वर्ष सहारनपुर में गन्ने का रकबा 1.19 लाख व मुजफ्फरनगर में 1.76 लाख हेक्टेयर था। शामली जिले में पिछले दो वर्षों में चार हजार हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2024-25 में शामली जिले में 75,995 हेक्टेयर में गन्ने की फसल लगाई गई थी। पिछले पेराई सत्र में 79,058 हेक्टेयर गन्ना का रकबा रहा था। इस बार भी 462 हेक्टेयर रकबा बढ़ा है। उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर मंडल ओपी सिंह का कहना है कि मंडल में गन्ना सर्वे तकरीबन पूरा हो गया है। इस बार अभी तक आंकड़ों के अनुसार 3.69 लाख हेक्टेयर गन्ने का रकबा है। विभाग लगातार किसानों को नई और उन्नतशील प्रजातियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले में गन्ने की वैरायटी सीओ-0238 को बदला गया है। इस प्रजाति में रेड रॉट बीमारी का प्रकोप आ गया था, जिसे गन्ने का कैंसर भी कहा जाता है। प्रकोप आने के बाद गन्ना विभाग का नई प्रजाति के प्रसार और उपचार के चलते किसान नई और उन्नतशील प्रजाति को अपना रहे हैं। गन्ना विभाग किसानों को फसल में लगने वाले कीटों और उनसे बचाव के प्रति जागरूक करने में लगा है।

एमजी. पब्लिक स्कूल में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 70 लोगों का उपचार

– 14 रोगियों का मोतियाबिंद पाये जाने पर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए किया गया चयन

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बुस.)। एमजी. पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को निःशुल्क मासिक नेत्र रोग चिकित्सा शिविर का शुभारंभ एमजी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल और एमजी पब्लिक स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष भीमसेन कंसल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमजी पब्लिक स्कूल प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल एवं अन्य अतिथि भी मौजूद रहे। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग द्वारा अतिथियों, चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों और उपचार परामर्श लेने आये नेत्र रोगियों का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि प्रत्येक माह के चौथे रविवार को वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी जनपद मुजफ्फरनगर के सहयोग से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्व. हरबंस लाल गोयल एवं स्व. विमलावती देवी की पुण्य स्मृति में आँखों के निःशुल्क विराट चिकित्सा कैंप का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। वरदान नेत्र चिकित्सालय,

प्रेमपुरी की वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. स्वाति अग्रवाल (एम.बी.बी.एस, एम.एस.) के द्वारा शिविर में रोगियों के नेत्रों का परीक्षण कर उनको उचित उपचार परामर्श के साथ ही चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही हैं। अगस्त माह के मासिक शिविर में कुल 70 लोगों को डॉ. स्वाति अग्रवाल द्वारा उचित परामर्श प्रदान करते हुए आवश्यकता के आधार पर दवाईयों का निःशुल्क वितरण भी किया। शिविर में 14 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत पाये जाने पर उनकी इच्छा से निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस नेत्र चिकित्सा शिविर में मोतियाबिंद के लिए चयनित रोगियों का ऑपरेशन भी निःशुल्क करने की सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यालय में आगामी नेत्र चिकित्सा शिविर 27 सितम्बर, 2026 को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से एम.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल, एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष भीमसेन कंसल, एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय प्रेमपुरी के अध्यक्ष शिवचरण दास गर्ग, सचिव पवन गोयल, कोषाध्यक्ष भानु प्रताप अग्रवाल, सीए अजय अग्रवाल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। शिविर आयोजन में वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. स्वाति अग्रवाल के साथ विद्यालय स्टाफ से रितु शर्मा, कविता रावल, पूजा शर्मा, कामिनी, राजीव शर्मा, सुरेश रौतेला, अवनीश कुमार और विपिन जैन सहित अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

मोरना क्षेत्र में दो मकानों की छतें गिरी, बाल-बाल बचे मासूम बच्चे

मोरना, 23 अगस्त (बु.)। मूसलाधार बारिश गरीब परिवारों के आशियानों पर आफत बनकर टूट रही है। भोपा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नंगला बुजुर्ग (नया गांव) और यूसुफपुर में रविवार को दो जर्जर मकानों की छतें अचानक भरभराकर गिर गईं। गनीमत यह रही कि दोनों ही घटनाओं में समय रहते लोग बाहर निकल आए, जिससे बड़ा जानलेवा हादसा टल गया। मलबे में दबकर दोनों परिवारों का हजारों रुपये का घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। छत गिरने की पहली घटना गांव नंगला बुजुर्ग (नया गांव) की है। पीड़ित असलम पुत्र हनीफ रविवार दोपहर अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए मजदूरी करने गया हुआ था। घर पर उसकी पत्नी रजिया और बेटियां गुलाफ्शां, शहजादी, सोनिया व सोफिया मौजूद थीं। इसी बीच अचानक तेज धमाके की आवाज के साथ मकान की छत नीचे आ गिरी। गनीमत रही कि हादसे के वक्त परिवार का कोई भी सदस्य छत के नीचे मौजूद नहीं था, इसके चलते कोई घायल नहीं हुआ। छत के नीचे रखा सारा घरेलू

सामान मलबे में दबकर पूरी तरह खराब हो गया। इसके अलावा गांव यूसुफपुर स्थित अल्ताफ के मकान की छत अचानक ढह गई। हादसे के वक्त घर के भीतर उसके आठ छोटे बच्चे मौजूद थे। हल्की आवाज सुनते ही बच्चे तुरंत मकान से बाहर भाग निकल गए और उनकी जान बच गई। बारिश के कारण बेघर हुए असलम और अल्ताफ के परिजनों सहित ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मौके का मुआयना कर दैवीय आपदा कोष से उचित आर्थिक मुआवजा और सहायता राशि दिलाने की मांग की है।

जापान में टोक्यो के पास 5.9 तीव्रता का भूकंप

टोक्यो, 23 अगस्त (एजेंसी)। जापान की राजधानी टोक्यो और आसपास के कांतो इलाके में रविवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें कम से कम 37 लोग घायल हुए हैं। इनमें से एक शख्स गंभीर रूप से घायल है। जापान टाइम्स के मुताबिक, अधिकारियों ने लोगों को अगले एक हफ्ते तक इसी तरह के तेज भूकंप के लिए सतर्क रहने को कहा है। भूकंप का केंद्र इबाराकी प्रांत के दक्षिणी हिस्से में था। यह जमीन से करीब 68 किलोमीटर नीचे आया। कई इलाकों में भूकंप के झटके करीब एक मिनट तक महसूस किए गए। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तारिक मौ0 से बदलकर मौ0 तारिक कर लिया है। अब से मुझे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिये मौ0 तारिक के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

मौ0 तारिक पुत्र वाजिद अली, निवासी-ग्राम बेहड़ा थू, जिला- मुजफ्फरनगर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम HAJI RAHIM ELAHI से बदलकर RAHIM ALI कर लिया है। भविष्य में मुझे RAHIM ALI के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

RAHIM ALI S/o VAHEED
H.No. 310, Khalapar
South, Muzaffarnagar
M:.9897393971

प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर 405 लोगों से ठगी, 12.20 लाख रुपये हड़पे; आरोपी गिरफ्तार

आरोपी खुद को ब्लॉक अधिकारी शामली बताकर ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ दिलाने का भरोसा देता था।

कैराना, 23 अगस्त (बु.)। प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोगों को पक्का मकान बनवाने का झांसा देकर रुपये हड़पने वाले आरोपी को कैराना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को ब्लॉक अधिकारी शामली बताकर ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ दिलाने का भरोसा देता था। ग्राम जन्धेड़ी निवासी महताब पुत्र मेहरबान ने 18 जुलाई 2026 को थाना कैराना में तहरीर देकर बताया था कि ग्राम भारी दीनदारपुर निवासी सोनू पुत्र यशपाल उसके गांव आया और खुद को ब्लॉक अधिकारी बताते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कच्चे मकान को पक्का कराने के लिए 2.80 लाख रुपये दिलाने का झांसा दिया। इसके एवज में आरोपी ने फाइल चार्ज व अन्य शुल्क के नाम पर 960 रुपये ऑनलाइन तथा 5,000 रुपये नकद ले लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस के मुताबिक, जांच में सामने आया कि आरोपी प्रधानमंत्री आवास योजना की वेबसाइट से लाभार्थियों की सूची प्राप्त करता था। इसके बाद गांव-गांव जाकर कच्चे मकान वाले लोगों को योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर उनसे फाइल चार्ज, रसीद और अन्य शुल्क के नाम पर अलग-अलग रकम यूपीआई के माध्यम से अपने खाते में जमा कराता था। अब तक की जांच में आरोपी द्वारा 405 लोगों से करीब 12,20,246 रुपये की धोखाधड़ी कर हड़पने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, रुपये लेने के बाद आरोपी पीड़ितों के मोबाइल पर 2.80 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर होने का फर्जी टेक्स्ट मैसेज भेजकर उन्हें विश्वास में लेता था। पुलिस ने 22 अगस्त 2026 को अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू पुत्र यशपाल निवासी ग्राम भारी दीनदारपुर, थाना ननौता, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना कैराना में वैधानिक कार्रवाई जारी है।

आबादी में घुसा विशालकाय मगरमच्छ फैली दहशत

भोपा, 23 अगस्त (बु.)। तीर्थनगरी में भारी बारिश के कारण मार्गो पर हो रहे जलभराव के बीच एक मगरमच्छ घनी आबादी में चला आया, जिसे देख महिलाओं व बच्चों में चीख पुकार मच गयी। नागरिकों ने वन विभाग से मगरमच्छ को पकड़ने की मांग की है। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में पंजाबी कॉलोनी में स्थित आशापूरन गुरुद्वारा साहिब के पास रविवार दोपहर बाद ग्रामीणों ने एक मगरमच्छ को मार्ग पर हो रहे जल भराव के बीच टहलते देखा। मगरमच्छ को देखकर महिला व बच्चों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठी हो गई। वहीं मगरमच्छ इधर-उधर टहलता-फिरता रहा और घण्टों के बाद मगरमच्छ जंगल की ओर चला गया। कॉलोनी निवासी व भाकियू नेता सरदार अमीर सिंह व सरदार पलविंदर सिंह ने बताया की वन विभाग को सूचना देकर मगरमच्छ को पकड़वाने की मांग की गई है। मोरना रेंज के क्षेत्राधिकारी रविकांत ने बताया कि शुकतीर्थ सुरक्षित वन्य जीव अभ्यारण क्षेत्र में आता है मगरमच्छ की तलाश की जा रही है। शाम के समय अंधेरा होने के कारण सोमवार की सुबह रेस्क्यू किया जाएगा।

बुढ़ाना की दिव्या ने एससीबीए चुनाव में रचा इतिहास

कार्यकारिणी सदस्य पद पर कब्जाए ज्यादा वोट

बुढ़ाना, 23 जुलाई (बु.)। कस्बे की मिट्टी में जन्मी व अब नोएडा में रह रही होनहार अधिवक्ता दिव्या गर्ग ने देश के सबसे प्रतिष्ठित कानूनी संगठन सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में शानदार जीत दर्ज कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने एससीबीए के एक्जीक्यूटिव मेम्बर पर पर चुनाव लड़ा व भारी मतों के साथ दूसरे सबसे अधिक वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। यह जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम था बल्कि बुढ़ाना व मुजफ्फरनगर के लिए भी गर्व का विषय है। दिव्या गर्ग बीते वर्ष 2011 से सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता व मध्यस्थ के रुप में सक्रिय हैं। 15 साल के लंबे अनुभव में उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, कानून की गहरी समझ व अधिवक्ता समुदाय के बीच मजबूत जन संपर्क से एक अलग पहचान बनाई है। वह सुप्रीम कोर्ट बार में महिला अधिवक्ताओं की एक सशक्त व बुलंद आवाज के रूप में जानी जाती हैं। बार एसोसिएशन जैसे बड़े चुनाव में उनका इस तरह दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा वोट लाकर जीतना महिला नेतृत्व की ताकत को दर्शाता है। उनकी यह सफलता देशभर की युवा महिला अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। उनकी जीत की खबर मिलते ही बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर व नोएडा में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों, अधिवक्ताओं व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां देते हुए कहा कि एक छोटे से कस्बे से निकलकर देश की सबसे बड़ी अदालत के बार एसोसिएशन में जगह बनाना आसान नहीं है। अपनी जीत पर दिव्या ने कहा ये जीत मेरे अकेले की नहीं बल्कि उन सब वरिष्ठ अधिवक्ताओं, साथियों व वोटरों के विश्वास व आशीर्वाद की जीत है जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं सबका दिल से आभार जताती हूं।

मदर एंड चाइल्ड आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप में बच्चों और माताओं ने दिखाया उत्साह

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बुस.)। लिटिल मैनर स्कूल के प्रांगण में बच्चों एवं माताओं के लिए एक विशेष मदर एंड चाइल्ड आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं कलात्मक अभिरुचि को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी माताओं के साथ मिलकर कुछ नया और उपयोगी सीखने का अवसर प्रदान करना था। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला में प्रतिभागियों को ऐसी आकर्षक सजावटी एवं उपयोगी वस्तुएँ बनाना सिखाया गया, जिन्हें वे आसानी से घर पर उपलब्ध सामग्री से स्वयं तैयार कर सकते हैं। कार्यशाला में रक्षाबंधन के लिए सुंदर राखी एवं गिफ्ट पैकिंग, जन्माष्टमी के लिए आकर्षक मटकी एवं तोरण, मोदक तथा दीपावली के लिए विभिन्न प्रकार की सजावटी वस्तुएँ एवं आकर्षक साज-सज्जा सामग्री तैयार करना सिखाया गया। कार्यशाला के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं के साथ मिलकर पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। रंग-बिरंगी सामग्रियों, कागज, सजावटी वस्तुओं एवं अन्य क्राफ्ट सामग्री का रचनात्मक प्रयोग करते हुए बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति को सुंदर कलाकृतियों के रूप में प्रस्तुत किया। इस गतिविधि ने बच्चों को केवल कला एवं क्राफ्ट सीखने का अवसर ही नहीं दिया, बल्कि माता-पिता और बच्चों के बीच सहयोग, संवाद एवं आत्मीयता को भी बढ़ावा दिया। कार्यशाला में मानविक राठी, निवान मंगल, कृष्णवी रघुवंशी, अथर्व जैन, अनंत जैन, कृतविक भाटिया, गौरांश गर्ग, अनव पालिवाल सहित अनेक बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यशाला को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं सिमरन कौर, अजका, ईशा भार्गव, सोनिया यादव सहित समस्त शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिक्षिकाओं ने बच्चों एवं माताओं को प्रत्येक गतिविधि में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उन्हें सरल एवं आकर्षक तरीके से क्राफ्ट तैयार करने की विधियाँ समझाईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिम्पी कपूर एवं शिल्पी बख्शी ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले सभी बच्चों एवं माताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें भारतीय त्योहारों एवं उनसे जुड़ी परंपराओं से जोड़ने का भी प्रभावी माध्यम हैं। कार्यशाला का वातावरण पूरे समय उत्साह, सृजनात्मकता और आनंद से भरपूर रहा। बच्चों द्वारा तैयार की गई सुंदर हस्तनिर्मित वस्तुओं ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता के लिए इस प्रकार की रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित करते रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जायसवाल की श्रीलंकाई बॉलर से झड़प, सिर से धक्का मारा

कोलंबो, 23 अगस्त (एजेंसी)। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 5 विकेट पर 300 रन बनाए। कोलंबो में खेले जा रहे मुकाबले में भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल और श्रीलंकाई गेंदबाज असिथा फर्नांडो के बीच बहस हुई। जायसवाल के आउट होने के बाद दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने अपना सिर फर्नांडो के सिर से टकरा दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कलाई पर चोट लगने के बाद 3 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हुए। उनकी जगह रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए आए। इससे पहले शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 3 हजार रन पूरे किए। पहले दिन असिथा फर्नांडो और यशस्वी जायसवाल के बीच हुई बहस चर्चा में रही। 17वें ओवर में जायसवाल ने तीन चौके लगाए, लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद फर्नांडो ने उनसे कुछ कहा। पवेलियन लौट रहे जायसवाल पलटकर फर्नांडो के पास आए। दोनों के बीच तीखी बहस हुई। इसी दौरान जायसवाल ने अपना हेलमेट फर्नांडो के सिर से टकरा दिया। मामला बढ़ता देख श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डि-सिल्वा ने बीच-बचाव किया और दोनों को अलग किया।

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 24 अगस्त, 2026

मेष- धनहानि की आशंका, आय की अपेक्षा व्यय की अधिकता, पारिवारिक कठिनाइयों से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, मन व्यतिक्रम।

वृषभ- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति की अनुभूति, मनोबल में वृद्धि, अड़चनें समाप्त।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना दृष्टिगत, मेलमिलाप में रुचि, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सफल, संभावित यात्रा।

सिंह- कार्यों में असफलता, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद की आशंका, अकारण भ्रमण से अनावश्यक व्यय।

कन्या- कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रयास सार्थक, स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सुखद।

तुला- किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, परिवार में सुख शांति का समय, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर, भोगविलासिता की ओर रुझान।

वृश्चिक- स्वास्थ्य सुधार पर विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, घरेलू सुख में उपस्थित दिक्कतें समाप्त, यात्रा में लाभ।

धनु- स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों के प्रति उदासीनता, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, राजकीय पक्ष से कष्ट, वाद-विवाद।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, कठिनाइयों का निराकरण, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्षोल्लास, सामाजिक क्रियाकलापों में वृद्धि, नवसम्पर्क का सुयोग।

कुम्भ- अधूरे या नवकार्य पूर्णता की ओर, कुछेक समस्याओं का समाधान पक्ष में, मांगलिक आयोजन सम्पादित, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- व्यवसाय में विस्तार की दिशा में प्रयास, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, व्यक्तिगत समस्या संतोषजनक समाधान, भोगविलासिता की ओर रुझान, हर्ष भी।

तेज हवा-भारी बारिश से बुढ़ाना क्षेत्र में तबाही

गन्ने-ज्वार की फसल जमीन पर बिछी, किसानों के माथे पर उभरी चिंता की लकीरें

बुढ़ाना, 23 अगस्त (बु.)। रविवार की प्रथम रात्रि से सुबह तक हुई भारी बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया। बुढ़ाना क्षेत्र में गन्ने और ज्वार की खड़ी फसलें जमीन पर गिर गई, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। सुबह के समय अपने खेतों का नजारा देखकर किसानों का दिल बैठा जा रहा है। गन्ना जो अब पककर तैयार होने के कगार पर था, वह तेज हवा के थपेड़ों से जड़ सहित जमीन पर बिछ गया। खेतों में जलभराव होने से फसल पानी में डूबी हुई है। बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा के युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा का कहना है कि गन्ना गिरने से उसकी बढ़वार रुक जाती है। वजन भी कम हो जाता है और इससे भी बड़ा खतरा इसमें लाल सड़न रेड रॉट रोग लगने का होता है। वहीं ज्वार की फसल जो पशुओं के चारे के लिए तैयार की जा रही थी, वह भी पूरी तरह से गिर गयी है, जो कि एक या दो दिन मे सड़न लग जाएगी। एक कृषक तमीज सिद्दीकी ने बतलाया कि रातभर तेज हवा और बारिश होती रही। सुबह खेत पर आकर देखा तो सारा गन्ना और ज्वार गिरा पड़ा था। बहुत नुकसान हो गया है और अब इसे उठाना भी बहुत मुश्किल है और लागत भी दोगुनी लगेगी। किसानों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि जल्दी से जल्दी सभी खेतों का सर्वे कराकर नुकसान का आंकलन किया जाए व मुआवजे की व्यवस्था हो।

पाकिस्तान के कई शहरों में 12-12 घंटे बिजली कटौती

इस्लामाबाद, 23 अगस्त (एजेंसी)। पाकिस्तान के इस्लामाबाद, रावलपिंडी और कराची जैसे बड़े शहर बिजली कटौती से परेशान हैं। सबसे खराब हालात कराची में हैं, जहां 12-12 घंटे बिजली कटौती हो रही है। कराची में बिजली कटौती के खिलाफ शनिवार को लोगों ने प्रदर्शन किया, कई घंटे सड़कें जाम रखीं। इस प्रदर्शन से शहर में ट्रैफिक ठप हो गया और हजारों लोग जाम में फंस गए। डॉन के मुताबिक, लोगों ने बताया कि उन्हें रोज 12 घंटे या उससे ज्यादा बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कई बार कटौती की जानकारी भी नहीं दी जाती। बिजली नहीं होने पर पंपिंग स्टेशन बंद रहते हैं। इससे पानी की सप्लाई भी रुक रही है।

नया गांव भूम्मा में फिर दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत बढ़ी

मीरापुर, 23 अगस्त (बु.)। मीरापुर क्षेत्र के गांव नया गांव भूम्मा के जंगल में एक बार फिर तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई है। ग्रामीणों ने अकेले जंगल जाना छोड़ दिया है। रविवार को दर्जनों ग्रामीणों ने हाथों में लाठी-डण्डे व नुकीले हथियार हाथों में लेकर तेंदुए की तलाश में काफी देर तक जंगल में खाक छानी। मीरापुर क्षेत्र के नया गांव भूम्मा, कुतुबपुर, खेड़ी सराय व भुम्मा के जंगल में पिछले करीब दो महीने से तेंदुए की दहशत व्याप्त है। तेंदुआ अब तक एक निराश्रित गोवंश व कुत्तों का शिकार कर चुका है। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने नया गांव, कुतुबपुर व खेड़ी के जंगल में अलग-अलग स्थानों पर पिंजरा भी लगाया है, किन्तु तेंदुआ पकड़ में नहीं आ सका है। भूम्मा पुलिस चौकी के समीप भी पुलिसकर्मियों द्वारा कई बार तेंदुआ देखने की पुष्टि की गई है। कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने तेंदुए की वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की थी। अब रविवार को दिन ने ही नया गांव भूम्मा के जंगल में खेतों में चारा लेने गए एक ग्रामीण को तेंदुआ दिखाई दिया तो वह उल्टे पैर वापस गांव भाग आया और अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद दर्जनों ग्रामीणों ने अपने हाथों में लाठी-डण्डे व नुकीले हथियार लेकर घण्टों जंगल में तेंदुए को तलाश किया, किन्तु कोई सुराग नहीं लग सका। फिलहाल तेंदुए की पुनः दस्तक से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। दो माह से अधिक समय होने के बावजूद भी तेंदुआ नहीं पकड़े जाने से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति रोष पनपता जा रहा है।

....इन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। तेंदुआ एक बाद के समीप अधिक सक्रिय है, वहाँ पिंजरा भी लगाया गया है, किन्तु अभी तक उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। जल्द ही तेंदुए को पकड़ लिया जायेगा।

अशोक कुमार शर्मा वन क्षेत्राधिकारी

त्यागी-ब्राह्मण समाज कार्य क्रम में उमड़ा जनसैलाब

राजीव राय बोले—सरकार की नीतियों से हर वर्ग त्रस्त, राजनीतिक हिस्सेदारी में सपा समाज को निराश नहीं करेगी

शाहपुर, 23 अगस्त (बु.)। शाहपुर क्षेत्र के सोहंजनी तगान मे स्थित आर.के. फार्म हाउह मे आयोजित त्यागी-ब्राह्मण बौद्धिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि घोसी लोकसभा सांसद राजीव राय ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से आज हर वर्ग त्रस्त है। किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, युवा और आम जनता अपनी समस्याओं को लेकर परेशान हैं। राजीव राय ने युवाओं और छात्रों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि रोजगार और शिक्षा जैसे बुनियादी सवालों का जवाब देने के बजाय सरकार विरोध की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवाओं और छात्रों पर लाठियां और पेलेट गन तक चलवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की नीतियों का विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है और शांतिपूर्ण विरोध की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना चाहिए। राजीव राय ने कहा कि समाज को अपने अधिकारों और राजनीतिक हिस्सेदारी के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने सम्मेलन में मौजूद समाज के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी राजनीतिक हिस्सेदारी के मामले में समाज को निराश नहीं करेगी। समाज की आवाज और उसके अधिकारों को मजबूती से उठाया जाएगा। सम्मेलन के आयोजक, जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सपा नेता प्रमोद त्यागी ने कहा कि राजनीति में उन्होंने न तो किसी को कभी धोखा दिया है और न ही कभी बेईमानी की है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा ईमानदारी, विश्वास और सम्मान की राजनीति में विश्वास रखते हैं तथा समाज के हित और राजनीतिक अधिकारों के लिए मजबूती से खड़े रहेंगे। सम्मेलन में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के साथ-साथ समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी, राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्वु त्यागी, त्यागी समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजीव त्यागी, ब्राह्मण खाप चौधरी वीरेंद्र शर्मा, दुष्यंत शर्मा, बार संघ मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष राजेश्वर त्यागी, सुरेश त्यागी, धनेश त्यागी, प्रमोद त्यागी, सुनील त्यागी, शिवकांत त्यागी, सुभाष त्यागी, हरिओम त्यागी आदि मौजूद रहे।

सपा सांसद राजीव राय का आगमन पर डॉ. सत्येन्द्र पाल के नेतृत्व में जोरदार स्वागत

शाहपुर, 23 अगस्त (बु.)। समाजवादी पार्टी के घोसी लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव राय का बुढ़ाना विधानसभा आगमन पर वरिष्ठ सपा नेता डॉ. सत्येन्द्र पाल ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान डॉ. सत्येन्द्र पाल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का चित्र भेंट कर सांसद राजीव राय का अभिनंदन किया। राजीव राय के बुढ़ाना विधानसभा आगमन को लेकर सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। डॉ. सत्येन्द्र पाल ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती और जनहित के मुद्दों को लेकर पूरी तरह समर्पित है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अथहर खान, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र नीतू सहित समाजवादी पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संदेश देते हुए पार्टी की नीतियों और संगठन को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। सांसद राजीव राय के स्वागत से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में सपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल नजर आया।

गैर जमानती वारंट में वांछित नीशू उर्फ प्रशांत गिरफ्तार

चरथावल, 23 अगस्त (बु.)। थाना चरथावल पुलिस ने गैर जमानती वारंट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी चरथावल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आयुष्मान शर्मा ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए न्यायालय एसीजेएम/एसीजे एसडी-2 मुजफ्फरनगर द्वारा जारी गैर जमानती वारंट से संबंधित अभियुक्त नीशू उर्फ प्रशांत पुत्र अशोक वर्मा निवासी मौहल्ला बाज

1973-2026

सम्पादक की क़लम से

जंतर-मंतर पर आरक्षण हटाओ आंदोलन

भारत में आरक्षण एक अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है। आरक्षण की समीक्षा की बातें यहाँ अक्सर होती रहती हैं। अब जंतर मंतर पर आरक्षण हटाओ आंदोलन भी हो गया। यह इतना संवेदनशील मुद्दा है कि कोई भी सियासी पार्टी,आरक्षण हटाने की बात कर ही नहीं सकती। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा, इसकी केवल अफवाह ही से303 सीटों से 240 सीटों पर आ गयी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था, विपक्षी दलों ने विमर्श यह बनाया कि भाजपा 400 पार सीटें लाने के बाद आरक्षण समाप्त कर देगी, संविधान बदल देगी और यह विमर्श चल गया भाजपा 240 सीटों पर आ गयी, यह अलग बात है कि भाजपा गठबंधन एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला। विपक्ष ने गठबंधन तोड़कर अपना गठबंधन बनाने की बहुत कोशिशें की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब हालत यह है कि आरक्षण हटाने के बारे में कोई भी दल बात भी नहीं कर सकता, जो लोग आरक्षण व्यवस्था से त्रस्त हैं, उनके अलावा आरक्षण हटाने की कोई बात नहीं करता। भारत में लोकतंत्र है, सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है, इसलिये आरक्षण व्यवस्था से त्रस्त लोग जंतर मंतर पर इकट्ठा हो गये, उन्होंने भी अपनी बात वहाँ रखी, हालांकि उन्हें वहाँ आंदोलन की अनुमति नहीं मिली थी। रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन नाम के इंस्टाग्राम पेज की ओर से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। दिल्ली पुलिस ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि आरक्षण सुधार के मुद्दे पर किसी भी प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई है। सैकड़ों प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर पहुंच गए, तो बताया गया कि शाम 4 बजे तक के लिए रामलीला मैदान में प्रदर्शन की इजाजत दी गयी है। आरक्षण के विरोध में जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में लोग जुटे। प्रदर्शनकारी मौजूदा आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा और आर्थिक आधार पर सरकारी सहायता देने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की भारी तैनाती रही। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रख रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों को बसों में बैठाकर मौके से ले जाते दिखाई दिए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी वापस लो और दिल्ली पुलिस हाय-हाय जैसे नारे लगाए।आरक्षण गरीब को मिले जाति को नहीं, राष्ट्र की आवाज को सुनना होगा, भारत में आर्थिक आधार पर आरक्षण करना होगा, जैसे नारे लिखे हुए पोस्टर लिए लोग भारत माता की जय और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। यूजीसी रोल बैक के नारे भी खूब गूंजे। प्रदर्शनकारियों को सोशल मीडिया के जरिये इस विरोध प्रदर्शन के लिए लामबंद किया गया था। उनकी मांग है कि सरकारी सहायता और आरक्षण की पात्रता तय करने में जाति के बजाय आर्थिक मानदंड को प्राथमिकता दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जातिगत आरक्षण को हटाए जाने तक वह अपना आंदोलन चलाते रहेंगे। शैक्षणिक परिसरों में जाति-आधारित भेदभाव को रोकने से संबंधित 2026 के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के समानता संबंधी नियमों को लेकर भी आक्रोश जाहिर किया गया। सवर्ण समाज नियमों में हुए संशोधन को अपने खिलाफ दुरुपयोग की आशंका जाहिर करते हुए इसे वापस लेने की मांग कर रहा है। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए 'आरक्षण हटाओ आंदोलन' पर सवाल उठाए हैं। मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा,दिल्ली के जंतर मंतर पर संविधान में एस.सी, एस.टी. और ओ.बी.सी. समाज को दिये गये आरक्षण के विरुद्ध अभी हाल ही में जमा हुये कुछ लोगों द्वारा आर्थिक आधार पर आरक्षण को लागू करने की उठाई गयी यह नयी मांग उचित और देशहित में नहीं है। मायावती ने कहा कि सदियों से जातिगत भेदभाव और सामाजिक असमानता झेल रहे एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। आरक्षण को लेकर ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए, जिससे बराबरी वाला समाज बनाने के संवैधानिक लक्ष्य को नुकसान पहुंचे। मायावती का कहना है कि गरीब लोगों की मदद के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से पहले से कई योजनाएं चल रही हैं। अगर इन योजनाओं का फायदा गरीबों तक सही तरीके से नहीं पहुंच रहा है, तो इसकी ज़िम्मेदारी सरकारी व्यवस्था और उसमें मौजूद भ्रष्टाचार की है। मायावती ने कहा कि भ्रष्ट और जातिवादी सरकारी व्यवस्था के कारण ही आरक्षण के प्रावधान जमीनी स्तर पर सही से लागू नहीं हो पाए हैं। इसी वजह से आजादी के इतने सालों बाद भी एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग गरीबी, सामाजिक द्वेष और अत्याचार का दंश झेल रहा है। जंतर-मंतर पर रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन को लेकर अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने इस आंदोलन को बीजेपी की साजिश बताया और कहा कि आरक्षण था, आरक्षण है और आरक्षण रहेगा। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए आरक्षण विरोधी आंदोलन का मुद्दा उठाया। उन्होंने लिखा, आरक्षण सुधार के नाम पर आरक्षण समाप्ति का षड्यंत्र पीडीए समाज के खिलाफ एक और गहरी साज़िश है। आरक्षण पीडीए का अधिकार है किसी की इच्छा का विषय नहीं। आरक्षण पीडीए का अधिकार है किसी की इच्छा का विषय नहीं। भाजपा व उनके संगी-साथी समय-समय पर जिस तरह कभी समीक्षा तो कभी सुधार जैसे अस्पष्ट शब्दों का प्रयोग कर आरक्षण का विरोध करते हैं या कभी क्रीमीलेयर की बात करते हैं या आरक्षण त्यागने की सलाह देते हैं, वो सदियों से शोषित-वंचित लोगों को मिले आरक्षण के अधिकार की हकमारी की लगातार की जा रही कोशिश के अलग-अलग मुखौटे हैं। आरक्षण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी का आधिकारिक रुख यह है कि वह एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के पूर्ण समर्थन में है और इसे कभी समाप्त नहीं होने देगी। भाजपा का दावा है कि विपक्ष द्वारा यह अफवाह फैलाई जा रही है कि भाजपा आरक्षण को खत्म करना चाहती है। इसके साथ ही, भाजपा ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू करने और महिलाओं के लिए लोकसभा व विधानसभाओं में 33प्रतिशत आरक्षण का समर्थन व क्रियान्वयन किया है।आरक्षण के विषय पर अमित शाह का कहना है कि भाजपा आरक्षण को कभी खत्म नहीं करेगी। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी और गृहमन्त्री अमित शाह सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं ने बार-बार स्पष्ट किया है कि संविधान प्रदत्त एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण जारी रहेगा और भाजपा इसकी संरक्षक है।

चार तीर

सुनील उत्सव

'नेतागिरी' 'बकवास' 'चमचे' 'गप्पू'

डूबेगी एक दिन तो,नेतागिरी तुम्हारी,
कब तक ये झूटी सच्ची, बकवास कीजियेगा।
चमचे बताएं कुछ भी, लेकिन ये प्यारी जनता,
कहती है तुमको गप्पू,विश्वास कीजियेगा।

मुजफ्फरनगर का नाम गन्ने की मिठास से जाना जाता है भूपेंद्र चौधरी

देवभूमि ग्रीन्स पर सुमित रोहल ने किया कैबिनेट मंत्री का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बुस.)। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी का मुजफ्फरनगर आगमन पर भोपा रोड स्थित देवभूमि ग्रीस पर डायरेक्टर सुमित रोहल द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर देवभूमि ग्रीन्स पर सैकड़ो की संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्वागत के कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि उन्हें मुजफ्फरनगर के लोगों से बहुत प्यार है और जब भी वह मुजफ्फरनगर आते हैं, तो अपने शुभचिंतकों से मिलकर जरूर जाते हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश सरकार के चुनाव होने हैं। अभी से हम लोगों को चुनाव की तैयारी में लगना पड़ेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार भरपूर विकास कार्य कर रही है और मुजफ्फरनगर का नाम तो गन्ने के मिठास के रूप में जाना जाता है। देवभूमि ग्रीस के डायरेक्टर सुमित रोहल एवं उनके परिवार के लोगों को भी अपनी शुभकामनाएं दी। रोहल खाप उत्तर प्रदेश उत्तराखंड के अध्यक्ष सुशील रोहल का भी देवभूमि ग्रीन्स पर स्वागत हुआ।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, उद्योगपति कुश पुरी, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर ठाकुर रामनाथ, वसुंधरा के डायरेक्टर अमित चौधरी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, उद्योगपति सौरभ स्वरूप, बंटी कुश स्वरूप, अभिषेक अग्रवाल, अंकुर बिंदल, भाजपा नेता अभिषेक चौधरी, व्यापारी नेता सुनील ग्रोवर, ओमेगा होटल के मुकेश, रजनीश गोयल, जयप्रकाश गोयल, सुभाष गोयल, शशांक जैन, सुधीर रोहल, विकास त्यागी आदि उपस्थित थे।

31 लाख रुपए की नई इनोवा कार बैल से खिंचवाकर शोरूम पहुंचाई

मोगा, 23 अगस्त (एजेंसी)। मोगा में 31 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की नई इनोवा कार सड़क पर बैल से खिंचती नजर आई। कार मालिक दविंदरपाल सिंह ने अपनी गाड़ी पर चारा लादा और बैल के सहारे उसे आईजीएम टोयोटा शोरूम के सामने से जीटी रोड होते हुए शहर तक ले गए। दविंदरपाल का कहना है कि 5 महीने पहले गाड़ी खरीदने के बावजूद अब तक आरसी नहीं बनी है। कई बार कंपनी और एजेंसी से संपर्क करने के बाद भी समाधान नहीं हुआ तो उन्होंने इसी तरह विरोध जताया। उन्होंने बताया कि शिकायत करने के बाद कार एजेंसी ने 50 हजार रुपए ये कहकर और ले लिए कि कार कीमत बढ़ गई है और रजिस्ट्रेशन चार्ज अब ज्यादा लगेगा। इसके बाद भी कुछ नहीं हुआ तो उन्होंने कंपनी को फोन किया तो वहां से जवाब मिला कि जल्दी है तो तब तक इस पर चारा ढोना शुरू कर दो। दविंदरपाल सिंह के मुताबिक, उन्होंने करीब पांच महीने पहले 31 लाख 30 हजार में इनोवा हाइक्रोस जेड एक्स बुक कराई थी। गाड़ी मिलने के 5 महीने बाद भी उसकी आरसी नहीं मिली। उन्होंने इसके लिए एजेंसी के कई चक्कर काटे। बाद में एजेंसी ने गाड़ी की कीमत बढ़ने की बात कहकर उनसे करीब 54 हजार और जमा कराए। इसके बावजूद गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। दविंदरपाल का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कंपनी और एजेंसी के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया।

माशूका को पाने के लिए उसके दो बच्चों का अपहरण कर मारकर कुएं में फेंक दिए शव

छतरपुर, 23 अगस्त (एजेंसी)। छतरपुर जिले के लवकुशनगर में शुक्रवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर लौटते समय लापता हुए दो सगे भाइयों के शव रविवार को बम्होरी के पास एक कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, दोनों बच्चों का अपहरण उनकी मां के आशिक ने किया और बाद में उनकी हत्या कर शव कुएं में फेंक दिए। पुलिस को आरोपी के बच्चों को मोटरसाइकिल से ले जाने का सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। वारदात के बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मृतकों की पहचान लवकुशनगर के वार्ड नंबर-2 स्थित सिद्दन मोहल्ला निवासी सचिन यादव (11) और प्रेम यादव (9) के रूप में हुई है। दोनों भाई निजी स्कूल में पढ़ते थे। बच्चों के पिता निरपत यादव बाहर रहते हैं। शुक्रवार को दोनों बच्चे स्कूल की छुट्टी के बाद दोपहर करीब एक बजे घर के लिए निकले थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। बच्चों का सुराग नहीं मिलने पर उनकी मां संगीता यादव ने लवकुशनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसपी रजत सकलेचा के मुताबिक, बच्चों की मां का पति बाहर रहता है और महिला का बालकेश सिंह नाम के व्यक्ति से अवैध संबंध था। पुलिस के अनुसार, आरोपी को यह शक था कि दोनों बच्चे उसके रास्ते में बाधा बन रहे हैं। एसपी ने बताया कि आरोपी महिला के घर आता-जाता था और दोनों बच्चे उसे पहचानते थे। इसी वजह से बच्चे उसके साथ सहजता से चले गए। पुलिस का कहना है कि अपहरण और हत्या की वारदात को महिला के प्रेमी ने ही अंजाम दिया है। एसपी रजत सकलेचा ने कहा कि आरोपी की पहचान हो चुकी है और उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

फ्रांस के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन सितंबर में

पेरिस, 23 अगस्त (एजेंसी)। फ्रांस में पेरिस से करीब 30 किमी दूर बुसी-सेंट-जॉर्जेस में बने इअढर स्वामीनारायण हिंदू मंदिर का सितंबर 2026 में उद्घाटन होगा। इसे फ्रांस का पहला बड़ा हिंदू मंदिर बताया जा रहा है। उद्घाटन के साथ 2 से 14 सितंबर तक 13 दिन का ह्यफेस्टिवल ऑफ कल्चरह्न आयोजित होगा। इसमें हिंदू परंपराओं, भारतीय कला, संगीत और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम होंगे। लोगों को भारतीय संस्कृति को करीब से जानने और समझने का मौका मिलेगा। मंदिर सिर्फ पूजा की जगह नहीं होगा।

यहां सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उद्घाटन और उत्सव में भारतीय मूल के लोगों के साथ हिंदू समुदाय और भारतीय संस्कृति में रुचि रखने वाले लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

यूपी का मौसम: प्रदेश में दक्षिणी और पूर्वी यूपी तक सिमटी मानसूनी बारिश

कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसी)। रविवार को प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश हुई। सोमवार के लिए प्रयागराज, सोनभद्र, मिजार्पुर और चंदौली में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं विंध्य क्षेत्र के 13 अन्य जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में अगले दो तीन दिनों के लिए मानसूनी बारिश का दायरा दक्षिणी यूपी और पूर्वांचल तक सिमटेगा। इसके बाद कुछ दिनों के लिए मानसून के धीरे-धीरे कमजोर पड़ने के संकेत हैं। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वांचल के दक्षिणी हिस्सों में कुछ जगहों पर भारी बारिश भी हो सकती है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पछुआ हवाएं तेज होने से बारिश की गतिविधियां धीरे-धीरे कम होंगी। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के आगे बढ़ने से पूर्वांचल में बारिश का असर बना रह सकता है।

हरिद्वार में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संतों का मंथन:समर्थन में लिया संकल्प, केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले- बार-बार चुनाव विकास में बाधक

हरिद्वार, 23 अगस्त (एजेंसी)। एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर संत समाज का मंथन हुआ। संत समागम में देशभर के प्रमुख संत-महात्मा जुटे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के विकास में बाधक हैं। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वंदे मातरम के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के दोनों अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी और श्रीमहंत हरि गिरि, योग गुरु बाबा रामदेव समेत कई प्रमुख संत शामिल हुए। समागम में संतों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में संकल्प भी लिया और इसे जल्द संसद से पारित कराने की बात कही। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव पांच साल में एक साथ होने चाहिए। संत समाज ने इस संदेश को देशभर में जनता तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। शिवराज ने कहा कि लगातार चुनाव होने से राजनीतिक दल सालभर चुनावी तैयारियों में लगे रहते हैं, जिससे विकास और जनकल्याण के काम प्रभावित होते हैं। चुनावों में धन का भी अपव्यय होता है और जातिवाद व भाषावाद जैसी बुराइयों को बल मिलता है। प्रशासन भी बार-बार चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त रहता है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान एक राष्ट्र, एक चुनाव है। संतों के संकल्प पर विश्वास जताते हुए शिवराज ने कहा कि वह दिन जल्द आएगा, जब देश की संसद इस व्यवस्था पर फैसला करेगी।

ऑपरेशन सिंदूर में तबाह जैश हेडक्वार्टर दोबारा तैयार

इस्लामाबाद, 23 अगस्त (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स ने पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मरकज सुभानअल्लाह हेडक्वार्टर तबाह कर दिया था। अब यह फिर से बनकर तैयार हो गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इसके री-कंस्ट्रक्शन में 15 महीने लगे। रिपोर्ट में दावा किया गया कि मरकज सुभानअल्लाह के क्षतिग्रस्त गुंबद फिर बना दिए गए हैं, नया संगमरमर और प्लास्टर लगाया गया है। नया पेंट भी किया गया है। दीवारों समेत पूरी इमारत की मरम्मत कर की गई है। 2025 में 6-7 मई की रात हुए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादी संगठन जैश के इस ठिकाने को काफी नुकसान पहुंच था। 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई की थी।

आपत्तिजनक वीडियो पर सस्पेंड महिला दरोगा सामने आई:मेरठ में बोलीं- 5 दिन से कमरे में बंद हूं, जान देने के ख्याल आ रहे

मेरठ, 23 अगस्त (एजेंसी)। मेरठ में 7 दिन पहले आपत्तिजनक रील पर सस्पेंड की गई महिला दरोगा अनु कॉलिस पहली बार यूट्यूब पर लाइव आईं। उन्होंने उस इन्फ्लुएंसर अमित किल्होर को जवाब दिया, जिसने पहली बार उनकी वीडियो वायरल की थी। अनु ने कहा, मैं कई दिन से कमरे में बंद हूं। जान दे दूं, मन में ऐसे ख्याल आ रहे हैं। पता है, कितनी मुश्किल से सरकारी नौकरी मिलती है। अनु ने वही ड्रेस पहना था, जिसमें उनका वीडियो वायरल हुआ था। कहा, अमित किल्होर ने अब अपना वो वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट से डिलीट कर दिया है। अब वो मेरे भाई से माफी मांग रहे हैं। ड्रेस मैं अपनी मां के साथ मॉल से खरीदकर लाई थी। मेरे लिए ये नार्मल है। मेरे और मेरे परिवार को कोई दिक्कत नहीं तो आपको क्यों है? कुछ लोगों ने व्यूज पाने के लिए मेरी 25 साल की लाइफ बर्बाद कर दी। तुमने किसी लड़की की जिंदगी खत्म कर दी। तुम सब हत्यारे हो। अनु कॉलिस 2023 बैच की दरोगा हैं। उन्होंने मेरठ में पति के टुकड़े-टुकड़े कर नीले ड्रम में भरने वाली मुस्कान को गिरफ्तार किया था। अनु कॉलिस 2023 बैच की दरोगा हैं। उन्होंने मेरठ में पति के टुकड़े-टुकड़े कर नीले ड्रम में भरने वाली मुस्कान को गिरफ्तार किया था। अनु कॉलिस 2023 बैच की यूपी पुलिस की दरोगा हैं। मूलरूप से प्रयागराज की रहने वाली हैं। मेरठ में पहले रोहटा थाना, ब्रह्मपुरी और अब एसएसपी ऑफिस में तैनात थीं। 16 अगस्त, 2026 (रविवार) को पुलिस आचरण नियमावली के उल्लंघन और कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के मामले में तत्कालीन एसएसपी अविनाश पांडेय के आदेश पर तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया था। इन्फ्लुएंसर अमित किल्होर ने वीडियो शेयर कर उन्हें ट्रोल किया था। लिखा था- अनु कॉलिस क्यूआर कोड लगाकर अपनी अश्लील वीडियो बनाती, लाइव आती हैं। वो फंडिंग लेती हैं। वीडियो वायरल होने के बाद अनु के खिलाफ जांच बैठी। एसपी क्राइम अवनीश कुमार इसकी जांच कर रहे हैं। दरोगा अनु ने क्या कहा मेरा नाम अनु कॉलिस है। आप लोगों ने मेरा एक वीडियो सोशल मीडिया पर देखा होगा। अमित किल्होर नाम के एक इंफ्लुएंसर ने मेरा वह वीडियो अपने इंस्टाग्राम चैनल पर शेयर किया था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के डीजीपी, मुख्यमंत्री से लेकर मेरे विभाग और कई अन्य लोगों को टैग किया। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि अमित किल्होर, तुमने मेरी मर्जी के बिना मेरे सोशल मीडिया से मेरे पर्सनल वीडियो और फोटो लेकर अपने अकाउंट पर क्यों शेयर किए? क्या इसके लिए तुमने मुझसे परमिशन ली थी? मेरी पर्सनल चीजों को इस तरह शेयर करके तुमने साइबर क्राइम किया है। अब तुमने वह वीडियो अपने अकाउंट से डिलीट क्यों किया? अब अमित किल्होर मेरे भाई को कॉल करके माफी मांग रहे हैं और कह रहे हैं कि गलती हो गई। तुमने मेरी पूरी लाइफ बर्बाद कर दी, सब खराब कर दिया। मेरी 20-25 साल की मेहनत, मेरा करियर और मेरा भविष्य सब खत्म हो गया। मुझे पूरी तरह बदनाम कर दिया गया। कहा गया कि मैं अश्लील वीडियो और अश्लील कंटेंट बनाती हूं। तुम्हें मेरे कंटेंट में क्या अश्लील लगा? तुम्हें मेरे कंटेंट से क्या दिक्कत थी? मैं आज लाइव इसलिए आ रही हूं, क्योंकि मेरी तरफ से किसी ने कोई पक्ष नहीं रखा था। मेरे भाई ने अपनी बात रखी, लेकिन उसे ज्यादा लोगों ने नहीं देखा। जाहिर है, आज की दुनिया में लड़कों की बात कौन देखता है? अमित भइया, मैं आपसे एक बात पूछना चाहती हूं। अगर आपको मेरे विभाग की या मेरी इतनी चिंता थी और आपको लगता था कि मैं कोई अश्लील काम कर रही हूं, तो आपने शिकायत क्यों नहीं की? आपके पास मेरा नंबर था। आपने मेरे विभाग में शिकायत क्यों नहीं की? आप मेरे खिलाफ एफआईआर कराते या मेरे विभाग को शिकायत करते। मेरे एसएसपी सर को, जिन्हें आप अच्छी तरह जानते हैं और जिनके लिए आपने एक लंबा-चौड़ा लेक्चर दिया था, उनसे क्यों नहीं कहा? आपको ऐसा करने में क्या दिक्कत थी? आपको व्यूज कम आने थे? आपने मेरी फोटो मेरी मर्जी के बिना निकालकर अपने चैनल पर सिर्फ व्यूज के लिए डाल दी।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित बुखार, एलर्जी व दमा के मरीज ज्यादा

जानसठ, 23 अगस्त (बु.)। सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह की देखरेख में क्षेत्र के रामराज, मीरापुर, राजपुर कला, सिखेड़ा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में आए सभी मरीजों की जांच कर उन्हे दवाइयां दी गई। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 137 मरीजों को दवाई का वितरण किया। स्वास्थ्य मेले में अधिकांश निमोनिया, एलर्जी, गला खराब, दमा, खांसी, जुखाम, बुखार, अस्थमा से संबंधित मरीज पहुंचे। मेले में पीएचसी स्टाफ के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। सिखेड़ा में आयोजित स्वास्थ्य मेले में सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया पहुंचे उन्होंने पीएचसी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएचसी पर पानी की व्यवस्था ठीक नहीं है इसे जल्द ही ठीक किया जाए। आंगनवाड़ी और सहायिकाओं के द्वारा बच्चों का वजन किया गया। एएनएम के द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 33 मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया कि इस दौरान डा सुषमा शर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. मोहित कुमार, फार्मेसिस्ट मरदान, अब्दुल कलीम आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

चिकित्सा कार्ड, शॉल, पटके एप्रेन लेकर फूली नहीं समाई भोजन माताएं

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। नगर के एक विद्यालय के सभागार में भोजन माताओं को सांकेतिक रूप कैशलेस चिकित्सा कार्ड एवं शॉल, पटके तथा एप्रेन भेंटकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज पुरकाजी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में पीएम पोषण योजना अंतर्गत कार्यरत रसोइयों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत रसोइयों को प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण किए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने बताया कि 353000 रसोइयों में 93% हमारी माताएं बहनें हैं। रसोइयों के द्वारा प्रतिदिन एक करोड़ 46 लाख से भी अधिक बच्चों के लिए भोजन बनाया जाता है। रसोइयों का मानदेय 3000 प्रति माह कर दिया गया है। इसके अलावा रसोइयों को यूनिफॉर्म हेतु अब तक 500 की धनराशि दी जा रही थी जिसको बढ़कर 1000 वार्षिक किया है। 2 लाख रुपए की सामाजिक सुरक्षा हेतु धनराशि प्रदान करने की घोषणा की गई है। रसोईया प्रत्येक वर्ष किसी भी अस्पताल में 5 लाख तक की धनराशि का इलाज मुफ्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम का विधानसभावार एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित हुए। विधानसभा क्षेत्र सदर के कार्यक्रम जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशन में नगर के विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। विधानसभा पुरकाजी में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज पुरकाजी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। साथ ही अन्य विकास क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों को बुलाकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने विचार रखे।

बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 4 लोगों की संदिग्ध हालात में मौत

- बंद घर से रिटायर्ड शिक्षक, पत्नी-बच्चों के शव मिले

ढाका, 23 अगस्त (एजेंसी)। बांग्लादेश के रंगपुर शहर में एक हिंदू परिवार के चार लोग संदिग्ध हालात में मृत मिले हैं। इनमें रिटायर्ड स्कूल शिक्षक, उनकी पत्नी, बेटी और बेटा शामिल हैं। चारों के शव शनिवार रात एक बंद घर से मिले। पुलिस और डिटेक्टिव ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान गणपति चक्रवर्ती (65), पत्नी प्रीतिलता चक्रवर्ती (50), बेटी आगमी चक्रवर्ती प्रार्थी (23) और बेटे प्रियम चक्रवर्ती (12) के रूप में हुई है। गणपति रंगपुर जिला स्कूल में शिक्षक थे और पिछले साल 31 दिसंबर को रिटायर हुए थे। रिटायरमेंट के बाद वे होम्योपैथी का काम भी कर रहे थे। परिवार के चारों सदस्यों की मौत के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन के मुताबिक, प्रीतिलता की छोटी बहन पूजा चक्रवर्ती ने उनसे गुरुवार दोपहर आखिरी बार बात की थी। इसके बाद गुरुवार रात से परिवार के चारों मोबाइल फोन बंद हो गए। शनिवार रात परिजन रंगपुर के दासपाड़ा इलाके में उनके घर पहुंचे। घर का मुख्य गेट बंद था और अंदर की सभी लाइटें भी बंद थीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चारों के शव बरामद किए।

राजपूत महासभा द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित

- शिक्षा, अनुशासन और परिश्रम को सफलता की कुंजी बताते हुए लगभग 300 मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बुस.)। राजपूत महासभा रजिस्टर्ड के तत्वावधान में राजपूत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य अलंकरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 300 छात्र-छात्राओं को मेडल एवं महापुरुषों के चित्र भेंट क

शेष : 2027 में मंत्री अनिल फिर खेलेंगे धुरंधर पारी, शक्ति प्रदर्शन में दिखी दमदार तैयारी

बार पुरकाजी में दमदार तरीके से लड़ेंगे। आगामी राजनीतिक तैयारियों के बीच रविवार को पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र में एनडीए ने अपनी एकजुटता और संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन किया। पचेंडा रोड स्थित एक रिसोर्ट में भाजपा, रालोद समेत एनडीए के विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के सौजन्य से हुआ, जबकि अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने की। सम्मेलन में पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हुए। आयोजन स्थल पर पूरे दिन राजनीतिक उत्साह और कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिला। मंच से नेताओं ने संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की वास्तविक ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। भाजपा और रालोद समेत गठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल के साथ जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर आम जनता से संपर्क बढ़ाने, उनकी समस्याओं को समझने और उन्हें जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने सम्मेलन में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसका कार्यकर्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनडीए के घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी और जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर जनता से संवाद बनाए रखना संगठन की मजबूती के लिए जरूरी है। उन्होंने भाजपा, रालोद समेत एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं से आपसी तालमेल के साथ आगे बढ़ने और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सम्मेलन में स्थानीय मुद्दों और जनसमस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से जनता के संपर्क में रहें और लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए प्रयास करें। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी जोर दिया गया। इस दौरान मंच पर कई दिग्गज एक साथ नजर आएं। कार्यक्रम के मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, उमादत्त शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, हरेंद्र शर्मा, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, वरिष्ठ नेता कृष्ण पाल राठी, अभिषेक चौधरी और रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत राठी समेत गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा और रालोद के बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष संजय राठी समेत अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं और नेताओं का आभार जताया।

2027 की तैयारी का संदेश: बूथ मजबूत तो संगठन मजबूत

मुजफ्फरनगर। एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनता से संवाद बढ़ाने और सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

नेताओं का सीधा संदेश :जनता के बीच सक्रिय रहें कार्यकर्ता

मुजफ्फरनगर। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कार्यकर्ताओं से लगातार जनता के संपर्क में रहने की अपील की। नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन और जनता के बीच सबसे मजबूत कड़ी हैं।

गठबंधन में तालमेल पर जोर, भाजपा-रालोद कार्यकर्ताओं को साथ चलने का आह्वान

मुजफ्फरनगर। सम्मेलन में एनडीए के घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। नेताओं ने कहा कि गठबंधन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का आपसी तालमेल और सक्रियता बेहद जरूरी है।

मंच पर दिग्गजों की मौजूदगी, एक मंच पर दिखे भाजपा-रालोद के नेता

मुजफ्फरनगर। विशाल सम्मेलन में मीनाक्षी स्वरूप, डॉ. संजीव बालियान, अनिल कुमार, योगराज सिंह, सुधीर सैनी, धर्मवीर बालियान, कृष्ण पाल राठी, अभिषेक चौधरी और अजीत राठी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को भव्य बना दिया।

इमरान के लिए गावस्कर-कपिल सहित 21 पूर्व क्रिकेट कप्तानों की चिट्ठी: उन्हें सही इलाज दिया जाए

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सही इलाज दिलाने के लिए दुनियाभर के क्रिकेटर आगे आए हैं। सुनील गावस्कर, कपिल देव समेत 21 पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ सरकार को पत्र लिखकर वर्ल्ड कप विजेता कप्तान इमरान खान को सही मेडिकल इलाज देने की मांग रखी है। 23 अगस्त को लिखे गए लेटर में मांग की गई कि इमरान खान के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक इमरान की मेडिकल जांच की जाए। लेटर लिखने वालों में भारत के 3, ऑस्ट्रेलिया के 8, इंग्लैंड के 6, वेस्टइंडीज-श्रीलंका के 1-1 और न्यूजीलैंड के 2 पूर्व कप्तान शामिल हैं।

हरियाणा में पति की हत्या कर आंतें बोरी में भरीं

कुरुक्षेत्र, 23 अगस्त (एजेंसी)। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महिला ने अपने पति की हत्या कर दी। उसने धारदार हथियार से पति के सीने से लेकर प्राइवेट पार्ट तक एक फीट से ज्यादा लंबा कट लगाया। महिला ने उसकी आंतें निकालकर प्लास्टिक की बोरी में भरकर रख दीं। महिला जिस वक्त वारदात को अंजाम दे रही थी, उसी वक्त मकान मालिक आ गया। उसे देखकर महिला छत से कूद गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार की है। रविवार को हादसे से जुड़ी फोटो सामने आई हैं। मृतक राजेश (40) के शव के पास लाल घेरे में रखी प्लास्टिक की बोरी में उसकी आंतों को रखा गया था। पोस्टमॉर्टम में यह भी सामने आया कि मृतक के शरीर में करीब आधा लीवर और दाईं किडनी गायब थी। पुलिस अब हत्या की वजह के साथ शरीर से अंग गायब होने के मामले की भी जांच कर रही है। यह बात भी सामने आई है कि महिला झाड़-फूंक करती थी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के धामपुर गांव निवासी राजेश (40) के रूप में हुई है। वह पिछले एक साल से कुरुक्षेत्र में पिहोवा रोड स्थित राज पैलेस के पास मकान में पत्नी विमला देवी के साथ किराए पर रहता था। वह पिहोवा रोड स्थित पीबी आरओ वाटर ट्रेडिंग कंपनी में वाटर सप्लाई का काम करता था। मकान मालिक रिंकू ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5 बजे उसे कमरे से राजेश और विमला के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। वह छत पर पहुंचा तो राजेश खून से लथपथ पड़ा था और उसके पेट पर गहरे घाव थे। उसने देखा कि राजेश के पेट से बाहर निकली आंतों को विमला एक बोरी में डाल रही थी। रिंकू ने बताया कि उसे देखकर विमला घबरा गई और छत से नीचे कूद गई। गिरने से वह घायल हो गई। पुलिस टीम को मौके से छोटे-बड़े तीन चाकू मिले हैं।

खतौली में फ्लिपकार्ट कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत

खतौली, 23 अगस्त (बु.)। बीती देर रात फ्लिपकार्ट कर्मचारी युवक की अपने ही आवास में संदिग्ध स्थिति में अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों की सूचना पर पुलिस द्वारा युवक को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान युवक आकाश की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिजनौर जनपद के हल्दौर कस्बा निवासी आकाश पुत्र राजकुमार काफी समय से अपनी पत्नी नीतू के साथ जीटी रोड स्थित एक भवन के ऊपरी भाग में किराये पर रह रहा था। बताया जाता है कि युवक अकाश फ्लिपकार्ट कम्पनी में कार्य करता था। बताया जाता है कि बीती देर रात आकाश मकान के एक कमरे में था। परिजनों के कथनानुसार कुछ समय बाद आकाश के कमरे से आवाज सुनकर उसकी पत्नी नीतू जैसे ही कमरे में पहुंची आकाश की हालत खराब देखकर वह सन्न रह गयी। आकाश के हालात को देखते हुए नीतू ने शोर मचाते हुए मदद की गुहार की तो शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए तथा लोगों द्वारा तत्काल लोगों की सहायता से आकाश को मकान के ऊपरी मंजिल से उतरकर तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान आकाश की मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस द्वारा पंचायतनामा कर तत्काल शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। कोतवाली पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही पता चल पाएगा कि आकाश की मौत किन परिस्थितियों में हुई है। बताया जाता है कि उक्त भवन के निचले हिस्से में क्षेत्रीय विधायक मदन भैया का भी कैम्प कार्यालय है।

आसिफ ने सुरेंद्र बनकर रचा था खेल, अब साथियों सहित गया जेल

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। धोखाधड़ी कर हरियाणा के किसान के नाम व पते का इस्तेमाल कर फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवाकर 104 बीघा कृषि भूमि को बेचने के प्रयास के आरोप में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आसिफ ने सुरेंद्र बन कर यह पूरा खेल रचा था। अब वह साथियों सहित जेल चला गया है। आरोपियों ने फर्जी आधार व पैन कार्ड के जरिए किसान का पीएनबी बैंक में खाता भी खुलवा लिया था। शिकायत मिलने पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों का चालान कर दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के पानीपत निवासी किसान सुरेन्द्र कुमार की थाना रामराज क्षेत्र में 104 बीघा कृषि है। किसान ने साइबर क्राइम थाना पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि कुछ आरोपियों ने उसके नाम व पते का इस्तेमाल कर फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड तैयार कर पंजाब नेशनल बैंक रामराज

हरियाणा के किसान के फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवाकर 104 बीघा कृषि भूमि को बेचने का प्रयास विफल

शाखा में उसके नाम से खाता खुलवाया है। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसकी व उसके सहखातेदारों की 104 बीघा कृषि भूमि को बेचने का प्रयास किया। मामले में साइबर क्राइम थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने जांच पडताल के बाद तीन आरोपी अंकुर निवासी गांव जड़वड़ थाना ककरौली, रोबिन निवासी गांव हंसावाला थाना रामराज, आसिफ

उर्फ बादशाह निवासी शाऊद खेडी थाना हल्दौर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी आसिफ उर्फ बादशाह ने किसान सुरेन्द्र के स्थान पर अपना फोटो लगाकर बैंक में खाता खुलवाया था। आरोपियों के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर किसान की कृषि भूमि को बेचकर फर्जी नाम पते पर खुलवाये गये बैंक खाते में धनराशि को लेने की योजना थी। एसएसपी ने बताया कि 104 कृषि भूमि की कीमत लगभग 10 करोड रुपए है। साइबर क्राइम की तत्परता से किसान के साथ होने वाली धोखाधड़ी बचा ली गयी है। एसएसपी ने टीम को 15 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

मिलावटी मावे के 18 नमूने लिए, लाखों का माल किया नष्ट

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्योहारों से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ छापेमारी कर मावा भट्टियों से 18 सैंपल लेने के साथ लाखों रुपए का मिलावटी मावा व दूध नष्ट करा दिया। जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तितावी क्षेत्र के ग्राम भैंसारेडी और देर रात्रि ग्राम धनसनी स्थित मावा भट्टियों पर ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए कुल 18 विधिक नमूने संग्रहित किए और असुरक्षित खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट व सीज कराया। भैंसारेडी की मावा भट्टियों पर कार्रवाई, 6 विधिक नमूने लिये गए। इनमें अतिकुर रहमान मावा भट्टी से मावा व दूध का एक-एक विधिक नमूना लिया गया। शाहनवाज मावा भट्टी की मावा व स्किम्ड मिल्क पाउडर (एसएमपी) का एक-एक विधिक नमूना संग्रहित किया गया। देवेंद्रपाल की मावा भट्टी से मावा व दूध का एक-एक विधिक नमूना सील किया गया। देर रात्रि धनसनी में छापे के दौरान 12 नमूने संग्रहित किए गए। जांच के दौरान मावा निर्माण में मानक के विपरीत वनस्पति और इंटरस्टेरिफाइड फैट के प्रयोग की पुष्टि हुई। सलमुद्दीन की मावा भट्टी से मावा, वनस्पति और एसएमपी का एक-एक नमूना लिया गया। शमशुद्दीन की मावा भट्टी से मावा, इंटरस्टेरिफाइड वेजिटेबल फैट और एसएमपी का एक-एक नमूना एकत्र किया गया। मीराजुद्दीन मावा भट्टी से मिश्रित दूध, मावा, एसएमपी तथा वनस्पति का एक-एक नमूना लिया गया। शकील की मावा भट्टी से मावा तथा एसमएपी का एक-एक विधिक नमूना संग्रहित किया गया। अमानक पाए जाने पर 1.63 लाख का दूध-मावा नष्ट, 2.32 लाख की सामग्री सीज की गई। मौके पर उपलब्ध लगभग 420 लीटर दूध (अनुमानित मूल्य 25,200) और 510 किलोग्राम मावा (अनुमानित मूल्य 1,37,800) को जनहित में तत्काल मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। 490 किलोग्राम एसएमपी पाउडर (अनुमानित मूल्य 2,23,840) और 50 किलोग्राम वनस्पति (अनुमानित मूल्य 8,810 रुपए) को विधिक प्रक्रिया के तहत सीज किया गया। जिन इकाइयों पर मावा बनाने में एसएमपी के साथ घातक रूप से वनस्पति का इस्तेमाल किया जा रहा था, उनके संचालन को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप सिंह, वैभव शर्मा, सुनील कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. विशाल चौधरी, नेहा चौधरी, पूनम कुमारी, भोगेंद्र, अवधेश, महावीर सिंह प्रेमी तथा निशिकांत सिंह शामिल रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों तक मिलावटखोरों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

चंडीगढ़ को दहलाने की साजिश नाकाम: सेक्टर-43 बस स्टैंड के पास से आईईडी और हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

चंडीगढ़, 23 अगस्त (एजेंसी)। सेक्टर-43 बस स्टैंड के पीछे संदिग्ध आईईडी मिलने से रविवार को हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनके कब्जे से संदिग्ध आईईडी, हथियार और अन्य सामग्री बरामद होने की बात सामने आई है। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। चंडीगढ़ पुलिस के मुताबिक, इस संबंध में थाना-36 में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों की चंडीगढ़ में आतंकी गतिविधि को अंजाम देने की योजना हो सकती थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि संदिग्ध आईईडी कहां से लाया गया था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। सेक्टर-43 बस स्टैंड के पीछे एक बैग में टिफिन के अंदर संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिलने की सूचना के बाद पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी गई और संदिग्ध सामग्री की जांच शुरू की गई। मामले में फॉरेंसिक टीम समेत संबंधित विशेषज्ञों ने भी जांच की।

भोपा के सीकरी में 400 बोरी चीनी का स्टॉक पुलिस ने किया सील

भोपा, 23 अगस्त (बु.)। बढ़ती महंगाई के बीच जुबान पर कड़वाहट घोलने का काम करने वाले चीनी के दामों को नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार द्वारा जमाखोरों पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेशों के बाद संबंधित विभाग एक्शन मोड में आ गए है। रविवार को भोपा थाना क्षेत्र के सीकरी गांव में चीनी का बड़ा स्टॉक मिलने के बाद हड़कंप मच गया। बताया गया है कि स्टॉक में करीब चार सौ बोरी

विपणन विभाग की टीम आज मौके पर पहुंचकर करेगी जांच

चीनी है। मालिक के मौके पर ना होने के कारण स्टॉक को सील कर दिया गया है। विपणन निरीक्षक की मौजूदगी में स्टॉक सील कर दिया गया। सोमवार को खाद्य विपणन विभाग की टीम के स्टॉक की जांच के लिए पहुंचेगी। इसके के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी में भारी मात्रा में चीनी का स्टॉक रखा होने की सूचना मिलने के बाद रविवार को भोपा पुलिस ने मौके पर छापेमारी की। सूचना सही पाए जाने के बाद विपणन निरीक्षक को मामले की सूचना दी गई। चीनी के स्टॉक की जानकारी मिलने पर विपणन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। सूत्रों के अनुसार टीम को मौके पर बड़ी मात्रा में चीनी का स्टॉक मिला है। टीम द्वारा चीनी के स्टॉक से संबंधित दस्तावेजों और अन्य बिंदुओं की जांच की गई और मामला संदिग्ध पाए जाने के बाद विपणन निरीक्षक की मौजूदगी में स्टॉक सील कर दिया गया और दो लोगों से पूछताछ जारी है। डीएआरएम ने बताया कि खाद्य विपणन विभाग की टीम सोमवार को मौके पर आकर जांच करेगी। चीनी का स्टॉक किस उद्देश्य से रखा गया था और इसकी वैधता से संबंधित दस्तावेज क्या हैं, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मौके पर करीब चार सौ बोरा चीनी का स्टॉक होने की प्रारंभिक जानकारी है। चौकी प्रभारी सपन चौधरी ने बताया कि विपणन निरीक्षक की मौजूदगी में स्टॉक सील किया गया है सोमवार को संबंधित विभाग की टीम आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

चीनी के बढ़ते दामों पर काबू पाने के लिए 15 दिन पहले ही शुरू हो जाएंगे चीनी मिल

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (बु.)। चीनी के आसमान छूते दाम को काबू में लाने के लिए सरकार ने प्रयास शुरू कर दिए। कालाबाजारी रोकने के साथ ही अब चीनी मिलों को समय से पहले चालू कराने का प्रयास शुरू हो गया है। गन्ना आयुक्त ने अधिकारियों को 15 अक्टूबर तक चीनी मिलें चलाने के लिए मिल संचालकों को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। गन्ना आयुक्त मिनस्ती एस ने विभागीय अधिकारियों तथा चीनी मिलों के अध्याशी तथा प्रधान प्रबंधकों को भेजे पत्र में चीनी मिलों को गत साल के मुकाबले पंद्रह दिन पहले चलवाने का निर्देश दिया। अक्टूबर में चीनी उत्पादन प्रारंभ करने वाली मिलों को अक्टूबर में उत्पादित चीनी की मात्रा को अक्टूबर-नवंबर में बेचने की अनुमति होगी। दरअसल यह पूरी कवायद चीनी के आसमान छूते दाम का नीचे लाने की कवायद है। अक्टूबर में उत्पादित की गई चीनी जैसे ही बाजार में आएगी तो दाम नीचे गिरेंगे। बता दें कि बागपत के किसानों से पांच जिलों की 12 चीनी मिलें गन्ना खरीदकर चीनी का उत्पादन करती हैं। चीनी मिलें पहले चलेंगी तो हजारों किसानों को फायदा होगा, क्योंकि समय रहते खेत खाली होंगे और गेहूं की बुआई समय से कर सकेंगे।

गंगा एक्सप्रेसवे से सीधे जुड़ेगा बिजनौर, उलेढ़ा से विदुरकुटी तक बनेगा 11 किमी लंबा लिंक रोड

बिजनौर, 23 अगस्त (एजेंसी)। अमरोहा से वाया बिजनौर हरिद्वार जाने वाले गंगा एक्सप्रेसवे को विदुरकुटी से जोड़ने के लिए ग्राम उलेढ़ा से विदुरकुटी तक लिंक रोड बनाई जाएगी। उलेढ़ा से छाडरी मोड़ होते हुए विदुरकुटी तक 11 किमी. लिंक रोड बनने में जहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। वहीं इस क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे की बिजनौर से होकर निकाले जाने की कार्यवाही अंतिम चरण में है। नोएडा की एसए इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा अमरोहा से चांदपुर और नजीबाबाद से होते हुए हरिद्वार तक प्रस्तावित ग्रीन फील्ड गंगा एक्सप्रेसवे में शामिल गांवों में सर्वे का काम पूरा किए जाने के बाद कृषि एवं अकृषि भूमि का सत्यापन कर रिपोर्ट यूपीडा का भेजी जा चुकी है। नए एक्सप्रेसवे चांदपुर रोड से हीमपुर से होकर ग्राम उलेढ़ा, धर्मपुरा से गोलबाग से होकर नगीना मार्ग पर वीकेआईटी और चंदक जंक्शन पाइंट से नजीबाबाद क्षेत्र के गांवों से जोड़ना प्रस्तावित किया गया, लेकिन इसमें विदुरकुटी को शामिल नहीं किया गया, जबकि मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेसवे को विदुरकुटी से होकर निकाले जाने की घोषणा की थी। अब विदुरकुटी को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 11 किमी. लंबी लिंक रोड बनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

चीनी की चाल चल रहा प्याज, कीमत में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसी)। चीनी की तरह प्याज की कीमतों में भी तेज उछाल है। नासिक मंडी में एक महीने में ही प्याज की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। प्याज की कीमतें बढ़ने के तीन प्रमुख कारण हैं-मानसून की अनिश्चितता के कारण खरीफ प्याज की बोआई में विलंब, रबी फसल की कमजोर आवक और सरकारी खरीद का लक्ष्य से लगभग आधा रह जाना। जो कमी रह गई, उसे हालात को भांपकर जमाखोरों ने पूरा कर दिया। सरकार अब राहत देने का रास्ता तलाश रही है। बफर स्टाक का ताला खोलने की तैयारी है। उन शहरों पर फोकस बढ़ाया जा सकता है, जहां खुदरा भाव तेजी से चढ़ने लगा है। सवाल यह भी है कि सीमित स्टाक से कितनी राहत मिल सकती है। चीनी में सरकार के पास कई विकल्प हैं, मगर प्याज में तत्काल राहत के लिए सिर्फ बफर स्टाक है। ऐसे में करीब डेढ़ महीना मुश्किल भरा हो सकता है। हालांकि, सरकार ने फिलहाल ऐसी आशंका से इन्कार किया है। दावा किया है कि प्याज का उत्पादन पिछले वर्ष के लगभग बराबर है। नासिक मंडी में 19 अगस्त को प्याज का भाव 3750 रुपये प्रति क्विंटल था, जो 20 अगस्त को 3551 रुपये और 21 अगस्त को फिर 3600 रुपये के पार पहुंच गया। एक महीने पहले नासिक मंडी में प्याज का भाव 2050 रुपये प्रति क्विंटल था। यानी थोक भाव में लगभग 76 प्रतिशत की

बढ़ोतरी हुई है। देश के औसत थोक भाव में भी तेजी है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के मुताबिक 22 अगस्त को प्याज का राष्ट्रीय औसत थोक भाव 3397 रुपये प्रति क्विंटल और खुदरा भाव 41.64 रुपये प्रति किलो था। प्याज की दिक्कत चीनी से थोड़ी अलग है। चिंता बफर स्टाक को लेकर है। दो वर्ष पहले पांच लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य था। पिछले वर्ष इसे घटाकर तीन लाख टन किया गया और इस बार दो लाख टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। मई से खरीद शुरू कर दी गई, लेकिन जुलाई के आखिर तक 1.20 लाख टन ही खरीदा जा सका। खुले बाजार में अच्छी कीमत मिलने के कारण किसानों ने सरकारी एजेंसियों को प्याज देना जरूरी नहीं समझा। स्टाक कम देखकर सरकार ने चार जुलाई को खरीद मूल्य 1875 रुपये से बढ़ाकर 2125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। फिर भी खरीद नहीं बढ़ी तो इसे 2645 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। बफर स्टाक में इतना प्याज नहीं है कि जमाखोरों पर दबाव बनाकर उपभोक्ताओं को राहत दी जा सके। नासिक प्याज निर्यातक संघ के उपाध्यक्ष विकास सिंह का कहना है कि भाव थामने के लिए सरकार बफर का प्याज बाजार में उतारती है। पिछले वर्ष भी सितंबर से बफर का प्याज खुदरा बिक्री और मंडियों में भेजकर बाजार को संतुलित करने का प्रयास किया गया। इस बार स्टाक कम होने के चलते अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होगी। प्याज की कीमत सामान्य तौर पर अगस्त-सितंबर में बढ़ती है। कारण है कि इसी समय रबी प्याज का भंडार धीरे-धीरे कम होता जाता है और खरीफ फसल के बाजार में आने में समय लगता है।

यूपी में 17 आईएएस के तबादले:संगीता सिंह को मुरादाबाद का कमिश्नर बनाया

लखनऊ, 23 अगस्त (एजेंसी)। राज्य सरकार ने रविवार देर रात भारतीय प्रशासिनक सेवा के 17 अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। अलीगढ़ की

मंडलायुक्त संगीता सिंह को मुरादाबाद का मंडलायुक्त बनाया गया है, संगीता सिंह की मुरादाबाद मंडलायुक्त नियुक्ति से अंदाजा लगाया जा रहा है कि पूर्व मंडलायुक्त एवं सिक्किम कैडर के आईएएस आंजनेय सिंह की यूपी से विदाई तय हो गई है। हालांकि उनकी प्रतिनियुक्ति अवधि विस्तार का मामला अभी केंद्र में विचाराधीन है।

मुंबई में 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा गिरी, 2 मौतें

▶▶5 घायलों में 2 बच्चियां; वेल्डिंग सपोर्ट टूटने से हादसा, मूर्ति तीन हिस्सों में बंटी

मुंबई, 23 अगस्त (एजेंसी)। मुंबई के भुलेश्वर में शनिवार रात करीब 10 बजे 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। 5 घायल हो गए, जिनमें 5 और 7 साल की दो बच्चियां शामिल हैं। पुलिस की शुरूआती जांच के मुताबिक, प्रतिमा लालबाग से भुलेश्वर लाई जा रही थी। पंडाल से करीब 50-60 मीटर पहले प्रतिमा के पीछे लगा वेल्डिंग सपोर्ट टूट गया। इससे मूर्ति का संतुलन बिगड़ा और वह आगे की तरफ लोगों पर गिर गई। हादसे के बाद प्रतिमा के तीन टुकड़े हो गए। फायर ब्रिगेड, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, 108 एंबुलेंस और BMC की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव शुरू किया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट (अऊऋ) दर्ज की है। हादसे में संकेत नेवशे (33) और बृजेश हेमंत जोशी (30) की मौत हुई। संकेत नेवशे भुलेश्वरचा राजा गणेश मंडल के अध्यक्ष थे। घायलों में वैभव घेनंद (38), पवन चौरसिया (25), लावण्या गनेर (5), दिव्या गनेर (7) और कुणाल काशिद (26) शामिल हैं। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। यह हादसा आगमन समारोह के दौरान हुआ। मुंबई में घरों और पंडालों में गणेश प्रतिमा की स्थापना से पहले कई मंडल आगमन समारोह आयोजित करते हैं। इस

दौरान जुलूस निकाले जाते हैं। दावा किया जा रहा है कि प्रतिमा को फैक्ट्री से बाहर ले जाने से पहले नट-बोल्ट में खराबी सामने आई थी। इसे रिपेयर करने के बाद तुरंत प्रतिमा को जुलूस के लिए निकाला गया था। पुलिस और नगर निगम की टीम ने घटना के बाद तीन हिस्सों में बंटी प्रतिमा को डंपर पर रखा। बाद में गिरगांव चौपाटी के समुद्र में विसर्जित कर दिया। महाराष्ट्र में इस साल गणेशोत्सव 14 सितंबर से शुरू होगा। मुंबई में करीब 10,600 सार्वजनिक गणेश मंडल हैं, लेकिन करीब 2,500 मंडलों ने 10 दिन के उत्सव के लिए अनुमति ली है। पूरे महाराष्ट्र में करीब 28 लाख गणेश प्रतिमाएं स्थापित होने का अनुमान है।

दिल्ली के मुकुंदपुर में पुलिसकर्मियों पर भीड़ का ईंट-डंडों से हमला, तीन जवान घायल

दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसी)। दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी इलाके मुकुंदपुर में शनिवार को गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों पर भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, भीड़ ने तीन पुलिसकर्मियों पर मिर्च पाउडर, ईंट और लाठी-डंडों से हमला किया। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसका वीडियो आज सामने आया है।

यह घटना भलस्वा डेयरी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले जनता विहार में हुई। हेड कांस्टेबल दिनेश और राजेश इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी उन्होंने एक बाइक को रोका और उससे इसके दस्तावेज दिखाने को कहा। दस्तावेज न होने पर बाइक जब्त कर थाने ले गए। इसके बाद जब दोबारा इलाके में लौटे तो भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने 17 साल के एक नाबालिग को पकड़ लिया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।